दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-55 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) रविवार 05 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## विविध-समाचार

### अंतरराज्यीय तेंदुआ खाल तस्करी गिरोह का पर्दाफाश, 9 आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में वन विभाग और विशेष टीमों की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। टीम ने 2 तेंदुओं की खाल के साथ 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई बलरामपुर वन मंडल क्षेत्र के बसंतपुर में की गई। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भोपाल, रायपुर उड़न दस्ता और वन विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम जमई में दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।बताया जा रहा है कि आरोपी मोटरसाइकिल के जरिए तेंदुए की खाल की तस्करी कर रहे थे।

### हाथी के हमले में 22 वर्षीय युवती की मौत, जंगल में महुआ बीनने गई थी

बलरामपुर (आरएनएस)। जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां हाथी के हमले में 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई। यह हादसा छतवा-चिनिया के जंगल क्षेत्र में हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती अपने रिश्तेदारों के साथ महुआ बीनने जंगल गई हुई थी। इसी दौरान अचानक हाथी ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। बताया जा रहा है कि मृतका झारखंड की रहने वाली थी और अपने रिश्तेदारों के यहां घूमने आई थी।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### बंगाल में कमल पर बटन दबाना है और विकास को लाना है- रेखा गुप्ता

खड़गपुर (आरएनएस)। बंगाल में कमल पर बटन दबाना है और विकास को लाना है. यह बात आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने खड़गपुर सदर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष के चुनाव प्रचार के दौरान कही। रेखा गुप्ता ने दिलीप घोष के रोड शो के बंगाल की ममता सरकार पर हमले किए और लोगों से अपील किया की बंगाल की कतिथ भ्रष्ट सरकार को उखड़ फेंके और बंगाल में परिवर्तन का आगाज करें। रेखा गुप्ता ने कहा कि बंगाल से भ्रष्टचार, अत्याचार और दुराचार की राजनीति ता जनता अंत करेगी और भाजपा की सरकार को लाएगी। बता दे कि, आज ही खड़गपुर सदर विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष ने आज नामांकन दाखिल करने से पहले गोल बजार राम मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### चुनाव आयोग का चला डंडा-शुभेंदु अधिकारी के रोड शो में गड़बड़ी, डीसी सहित चार पुलिस अधिकारी सस्पेण्ड

कोलकाता,(आरएनएस)। बंगाल चुनावों से पहले, चुनाव आयोग ने राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। पिछले गुरुवार को, भवानीपुर में शुभेंदु अधिकारी के एक रोड शो के दौरान कालीघाट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की घटना घटी थी। उक्त रोडशो में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए थे। तृणमूल और भाजपा, दोनों ही पार्टियों के कार्यकर्ता और समर्थक इस झड़प में उलझ गए थे। इस घटना के संबंध में, चुनाव आयोग ने एक डिप्टी कमिश्नर (डीसी) सहित चार पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया है।




## दर्दनाक हादसा :

# ड्राइवर ने खोया कंट्रोल और कुएं में गिरी कार, 6 बच्चों समेत एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत



नासिक(आरएनएस)। महाराष्ट्र के नासिक में बड़ा हादसा हो गया। शहर के शिवाजीनगर इलाके में रात करीब 10 बजे सड़क किनारे बने कुएं में कार गिरने से एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे डिंडोरी तालुका में मातम पसर गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक, शिवाजीनगर के राजे बैंक्वेट हॉल में वडजे क्लासेस की तरफ से एक मीटिंग रखी गई थी। मीटिंग के लिए इंदौर (ताल. डिंडोरी) से दरगोड़े परिवार आया था। मीटिंग के बाद दरगोड़े परिवार अपनी मारुति एक्सएल कार से घर लौट रहे था, तभी ड्राइवर का कंट्रोल खो गया, जिससे कार सड़क किनारे पानी से भरे कुएं में गिर गई। इस दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई।हादसे की खबर मिलते ही तहसीलदार मुकेश कांबले, पुलिस इंस्पेक्टर भगवान माथुरे, चीफ ऑफिसर संदीप चौधरी पुलिस, फायर ब्रिगेड, डिजास्टर मैनेजमेंट टीम और लोकल लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। कुआं पानी से भरा हुआ था, जिससे रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी मुश्किलें आईं। आधी रात को दो क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया।इस हादसे में कार से 8 लोगों की लाशें निकाली गईं, जबकि कुएं में डूबी एक लड़की की तलाश के लिए स्पेशल ऑपरेशन चलाया गया। बाद में उसकी भी लाश मिल गई।



केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता जगत प्रकाश नड्डा तिरुवनंतपुरम स्थित श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के बाहर पुजारियों और पार्टी समर्थकों के साथ एक तस्वीर में।

### केरल में शशि थरूर के काफिले पर हमला, गाली-गलौज के बाद गनमैन की बेरहमी से पिटाई; पुलिस एक्शन से मचा हड़कंप

मलप्पुरम ,,(आरएनएस)। केरल के मलप्पुरम जिले में कांग्रेस के दिग्गज नेता और सांसद शशि थरूर के काफिले पर हमले की एक चौंकाने वाली



घटना सामने आई है। यह वारदात रात उस समय हुई जब थरूर वांडूर के चेल्लितोडु इलाके में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे। खबर है कि कुछ अज्ञात हमलावरों ने न सिर्फ सांसद की गाड़ी को बीच रास्ते में रोका, बल्कि उनके गनमैन के साथ जमकर गाली-गलौज की और बाद में उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना के बाद इलाके में भारी तनाव फैल गया है और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है।शुरुआती जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि यह पूरा विवाद मामूली बात से शुरू हुआ जो देखते ही देखते हिंसक हमले में बदल गया।

## फोर लेन बनने से बदलेगी इटारसी-बैतूल क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### इटारसी-बैतूल सेक्शन में 22 किमी लंबा टाइगर कॉरिडोर बनेगा फोर लेन

भोपाल, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल सेक्शन में 22 किमी लंबे टाइगर कॉरिडोर को फोर लेन बनाने के लिए 758 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान करने पर आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस टाइगर कॉरिडोर को फोर लेन बनाने के लिए मंजूरी प्रदान के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का भी अभिनंदन कर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा इस सेक्शन में फोर लेन निर्माण के लिए मंजूरी देने से अब यहां विकास की नई बयार बहेगी। केन्द्र सरकार का यह निर्णय इस पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल देगा। फोर लेन से यात्री वाहनों और मालवाहकों



की तेज आवाजाही के साथ-साथ अब यहां नागरिक सेवाओं, सुविधाओं की सुलभ पहुंच सहित क्षेत्रीय विकास भी चार गुना स्पीड से आगे बढ़ेगा। फोर लेन की मंजूरी वाला यह पूरा क्षेत्र खेती-किसानी का एक बड़ा केंद्र है। यहां कोयला, तांबा, ग्रेफाइट और सीसा-जस्ता जैसे प्राकृतिक खनिज संसाधन भी भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री गडकरी ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि इस सेक्शन को फोर लेन बनाने से पूरे क्षेत्र में माल ढुलाई में लगने वाला समय कम होगा और सुरक्षा भी बढ़ेगी। साथ ही किसानों के लिए बाज़ारों और मंडियों तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। इस परियोजना में जानवरों के सुरक्षित रूप से सड़क पार करने के लिए 11 विशेष अंडरपास और ओवरपास बनाए जाएंगे, जिससे आस-पास के वन्य जीव इलाकों में सड़क दुर्घटनाओं में बेहद कमी आएगी। बाकी बचे 22 किमी के इस हिस्से को अपग्रेड करने के साथ ही, पूरा ग्वालियर-बैतूल कॉरिडोर एक फोर लेन वाला हाई-वे बन जाएगा। इससे यात्रा का समय कम होगा, पहाड़ी इलाकों में सड़क सुरक्षा बेहतर होगी और माधव नेशनल पार्क, रातापानी और सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व में इको-टूरिज़्म को भी बढ़ावा मिलेगा।

## भारत में गैस की किल्लत के बीच ईरान से आई गुड न्यूज, 44 हजार टन एलपीजी लेकर मुंबई की ओर बढ़ा विशाल जहाज

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। पश्चिम एशिया में चल रहे भीषण युद्ध और तनाव के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट पर कई कड़ी पाबंदियां लगा रखी हैं। इसके चलते दुनियाभर में कच्चे तेल और गैस का भारी संकट पैदा हो गया



है, जिसका असर भारत में भी देखने को मिल रहा है। देश के कई हिस्सों में एलपीजी के लिए लोगों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। लेकिन गैस की इस भारी किल्लत के बीच भारत के लिए एक बहुत ही राहत भरी खबर सामने आई है। अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे तनाव के बावजूद ईरान ने भारतीय झंडे वाले एक और बड़े जहाज को अपने समुद्री इलाके से सुरक्षित निकलने की हरी झंडी दे दी है।पश्चिम एशिया में युद्ध की शुरुआत के बाद से अब तक गैस का संकट टालने के लिए छह एलपीजी लदे जहाज भारत सफलतापूर्वक पहुंच चुके हैं। पिछले एक महीने के भीतर होर्मुज स्ट्रेट की खतरनाक और पाबंदी वाली सीमा को पार करने वाला यह सातवां भारतीय जहाज बन गया है।

### भूकंप जैसे झटके और हवा में उड़े चीथड़े, नाइट्रोजन गैस गोदाम में जोरदार धमाका, 4 लोगों की दर्दनाक मौत



सेल्वास(आरएनएस)। दादर और नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश के सेल्वास से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। शनिवार सुबह देमानी रोड पर स्थित एक नाइट्रोजन गैस गोदाम में सिलेंडर रिफिलिंग के दौरान अचानक जोरदार धमाका हो गया। इस भीषण विस्फोट में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। धमाके की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सभी घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां मेडिकल टीम उनके इलाज में जुटी हुई है।चश्मदीदों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह धमाका इतना शक्तिशाली था कि गोदाम का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह से मलबे में तब्दील हो गया और उसके भारी टुकड़े सड़क तक जा गिरे।

## 'अगर चुनाव कराने वाले ही नेताओं पर निर्भर हो जाएं तो.', सवैधानिक संस्थाओं की आजादी पर SC का बड़ा बयान

पटना (ए.)। सुप्रीम कोर्ट की जज जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने देश की अहम संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। शनिवार को उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को पूरी तरह से स्वतंत्र होकर काम करना चाहिए और उन पर किसी भी तरह की राजनीतिक प्रतिक्रिया या दबाव का असर बिल्कुल नहीं पड़ना चाहिए। पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यान देते हुए जस्टिस नागरत्ना ने चुनावी प्रक्रिया और राजनीतिक नियंत्रण को लेकर कई गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

अधिकारों से परे संविधानवाद के विषय पर



अपने विचार रखते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) और वित्त आयोग जैसी अहम संस्थाओं का डिजाइन एक जैसा ही है। ये संस्थाएं बाहरी प्रभावों से मुक्त और विशेषीकृत हैं। इन्हें ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की देखरेख का जिम्मा सौंपा गया है, जहां निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सामान्य राजनीतिक प्रक्रियाएं शायद काफी न हों। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह देश के लोकतंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि ये सभी संस्थाएं बिना किसी राजनीतिक दबाव के स्वतंत्र रूप से अपना काम करें और किसी भी राजनीतिक दल से प्रभावित न हों।भारत के मजबूत लोकतंत्र में चुनाव आयोग की अहम भूमिका पर टिप्पणी करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा ताकतवर तंत्र है जिसके माध्यम से देश की राजनीतिक सत्ता का गठन होता है।

### जम्मू कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी, पीर की गली में वाहनों की आवाजाही बंद, लोगों को यात्रा से बचने की सलाह

श्रीनगर,(आरएनएस)। जम्मू कश्मीर में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण तापमान में तेजी से गिरावट आई है। इसके साथ ही सड़कों पर बर्फ जमा हो गई है और सारे रास्ते फिसलन भरे हो गए हैं। ऐसे में प्रशासन की तरफ से मौसम को लेकर सलाह जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि पहाड़ों पर ताजा बर्फ बारी और मैदानी इलाके में लगातार तेज बारिश हो रही है। इस कारण न सिर्फ तापमान में भारी गिरावट दर्ज हुई है, बल्कि पहाड़ों पर हुई बर्फ बारी से पीर की गली में सड़क फिसलन भरी हो गई है। ऐसे में एहतियात के तौर पर प्रशासन ने अस्थायी रूप से वाहनों के लिए मार्ग बंद कर दिया है।

अधिकारियों के मुताबिक, हालात सामान्य होने और बर्फ हटाने का काम पूरा होने के बाद ही यातायात बहाल किया जाएगा। फिलहाल लोगों को यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है।

अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को कश्मीर के ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई, जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। उन्होंने बताया कि कश्मीर के ऊंचाई वाले कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई। इसमें साउथ कश्मीर के शोपियां में मुगल रोड और नॉर्थ कश्मीर के कुपवाड़ा में साधना टॉप शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर और घाटी के दूसरे मैदानी इलाकों में बारिश हुई, जो आखिरी रिपोर्ट आने तक कई जगहों पर जारी थी।

# पीएम मोदी और पिनाराई विजयन के बीच सीक्रेट डील, राहुल गांधी ने लगाए आरोप

एर्नाकुलम (आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक गलत राजनीतिक डील हो रही है. फोर्ट कोच्चि वेली ग्राउंड में हुई यूडीएफ की रैली में बोलते हुए राहुल गांधी ने यह बात कही।

राहुल ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वह अपने परिवार और बच्चों को केंद्रीय जांच एजेंसियों से बचाने के लिए पीएम मोदी के सामने केरल के हितों को गिरवी रख रहे हैं. राहुल गांधी ने सवाल किया कि, सिर्फ केरल के मुख्यमंत्री को ही क्यों छूट मिली हुई है, जबकि, भाजपा और आरएसएस का विरोध करने वाले विपक्षी नेताओं को केंद्र सरकार लगातार निशाना बना रही है।

राहुल गांधी ने कहा कि, केंद्र उन्हें इसलिए निशाना बनाते रहती है क्योंकि, वह बिना किसी समझौते के बीजेपी से लड़ते हैं. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, उनके खिलाफ कई केस दर्ज किए गए हैं. उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि, लेकिन ऐसा क्यों है कि, केरल में न तो सीबीआई और न ही ईडी मुख्यमंत्री या उनके बच्चों से पूछताछ करती है. राहुल ने कहा कि, यह सबसे बड़ा उदाहरण है कि केंद्रीय एजेंसियां मोदी के सामने सरेंडर करने वाले को कभी नहीं छूतीं।

उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा कि, जैसे नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने सरेंडर करते हैं, वैसे ही पिनाराई विजयन भी मोदी के साथ वैसा ही समझौता कर रहे हैं. राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी ने



ट्रंप के हितों की रक्षा के लिए भारत के कृषि और ऊर्जा सेक्टर को विदेशी हितों को सौंप दिया है, और जब लोग फ्यूल की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं, मोदी अडानी के साथ खड़े हैं. उन्होंने कहा कि पिनाराई विजयन केरल में भी यही स्टाइल अपना रहे हैं।

राहुल गांधी ने सबरीमला मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी की भी कड़ी आलोचना की. उन्होंने पूछा कि जब सबरीमला से सोना चुराकर उसकी जगह तांबा लाने के गंभीर आरोप हैं, तो प्रधानमंत्री ने एक भी शब्द क्यों नहीं कहा. उन्होंने आगे कहा कि भाजपा चाहती है कि केरल में एलडीएफ जीते क्योंकि उन्हें पता है कि लेफ्ट उनके लिए कोई असली खतरा नहीं बन सकता.राहुल गांधी ने कहा कि लेफ्ट के राज में केरल ड्रग्स और कर्ज का सेंटर बन गया है. उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य और शिक्षा सेक्टर खत्म हो रहे हैं और सरकारी नौकरियां सिर्फ सीपीएम कनेक्शन वालों के लिए रिजर्व कर दी गई हैं।

## बिहार में जहरीली शराब से 7 लोगों की मौत, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

मोतिहारी, (आरएनएस)। बिहार में जहरीली शराब से होने वाली मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. मोतिहारी में शनिवार को दो और लोगों की जान चली गई, जिससे पिछले तीन दिनों में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 7 हो गई है. मोतिहारी डीएम सौरभ जोरवाल ने इन



मौतों की पुष्टि की है. मृतकों की पहचान चंदू कुमार, प्रमोद यादव, परीक्षण मांझी, हीरालाल भगत, लालकिशोर राय, संपत साह और लड्डू साह के रूप में हुई है।


रघुनाथपुर थाना के बालगंगा गांव में मौत का तांडव गुरुवार से शुरू हुआ था, जब 2 लोगों की जान गई थी. इसके बाद शुक्रवार को 3 और शनिवार को 2 अन्य लोगों की मौत हो गई. वर्तमान में सदर अस्पताल में कुल 20 लोग भर्ती हैं, जिनमें से 14 की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है.6 लोगों की आंखों की रोशनी भी चली गई है. गंभीर रूप से बीमार लोगों में लोहा ठाकुर, राहुल कुमार, रविंद्र यादव, दिनेश यादव और उमेश राम शामिल हैं।

लगातार मौत का आंकड़ा बढ़ने के बाद जिला प्रशासन की ओर से गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है. प्रशासन की ओर से माइकिंग कर लोगों से अपील की जा रही है कि 1 अप्रैल से 3 अप्रैल तक जिन लोगों ने शराब का सेवन किए हैं, वे सदर अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराएं. क्योंकि जहीरी शराब पीने से आंखों की रोशनी जा रही है. लोगों की मौत भी हो रही है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सादगी ने जीता वाराणसी के लोगों का दिल

## एयरपोर्ट जाते वक्त श्रीराम भंडार पर रुकवाया काफिला स्थानीय व्यंजन का चखा स्वाद, दुकानदार और जनता से किया संवाद



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार सुबह वाराणसी के श्रीराम भंडार में स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। उनकी सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया। उन्हें अपने बीच पाकर स्थानीय लोगों को यकीन ही नहीं हुआ। लोग उनसे मिलकर उत्साहित हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सादगी देख प्रभावित हुए और मुक्त कंठ से प्रशंसा की। शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. यादव का काफिला जब एयरपोर्ट की ओर जा रहा था, तभी वे मिंट हाउस स्थित श्रीराम भंडार पर अचानक रुक गए। यहां उन्होंने बनारस की मशहूर कचौड़ी, पूरी-राम भाजी ,जलेबी और लस्सी का स्वाद चखा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत के हर प्रांत और शहर की अपनी विशिष्ट खान-पान की शैली होती है , जो वहां की पहचान होती है। स्थानीय स्वाद और पारंपरिक व्यंजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

### आम जनता के बीच सहज मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के सहज और सरल व्यवहार ने आम लोगों का दिल जीत लिया। स्थानीय लोगों ने भी उनसे मुलाकात कर खुशी जाहिर की और उनके इस अंदाज की सराहना की। कई लोगों ने उनसे बातचीत भी की। लोगों का कहना था कि डॉ. मोहन यादव से मिलकर ये लगा ही नहीं कि वे किसी मुख्यमंत्री से बात कर रहे हैं।

## भोपाल में 6 साल की बच्ची से बैड टच, आरोपी गिरफ्तार, गुस्साई जनता ने सड़क किया जाम

भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अरेरा हिल्स इलाके में रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित कन्या भोज के दौरान एक 6 साल की मासूम बच्ची के साथ अश्लील हरकत का मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे इलाके में आक्रोश और भय का माहौल पैदा कर दिया है। परिजनों के अनुसार, रामनवमी के दिन करीब 60 वर्षीय आरोपी ने मासूम को बहाने से अपने घर बुलाया और उसके साथ बैड टच जैसी घिनौनी हरकत की। बच्ची ने अगले दिन हिम्मत जुटाकर परिवार को पूरी बात बताई, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत अरेरा हिल्स थाने में शिकायत दर्ज कराई।पुलिस ने बच्ची के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू से जांच की जा रही है।

## भोपाल में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, अव्यवस्थाओं पर प्रशासन सख्त

### एडीएम श्री पांडेय ने गैस एजेंसियों का किया निरीक्षण, कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



भोपाल (निप्र)। भोपाल में एलपीजी को लेकर सामने आ रही अव्यवस्थाओं और गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों की खबरों के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासन ने गैस एजेंसियों पर सख्ती शुरू करते हुए निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) सुमित पांडेय ने शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर एलपीजी के मौजूदा स्टॉक और डिलीवरी व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने एजेंसियों पर मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और एजेंसी संचालकों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एडीएम श्री पांडेय ने स्पष्ट किया कि भोपाल में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता है और आम नागरिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कोई गैस एजेंसी मनमानी, कालाबाजारी या कृत्रिम कमी पैदा करते हुए पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूरज कुण्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने की चली मुहिम

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों ने की भागीदारी




भोपाल (निप्र)। जल संरक्षण व संवर्धन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार सम्पूर्ण प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनाओं को संरक्षित करने एवं संवारने का कार्य किया जा रहा है। ग्वालियर दुर्ग पर स्थित ऐतिहासिक सूरज कुण्ड को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गुरुद्वारा प्रबंध समिति के सदस्यों और नागरिकों ने सूरज कुण्ड की सफाई का कार्य विशेष अभियान चलाकर किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के नेतृत्व में सूरज कुण्ड की काई को साफ करने के लिये सभी लोगों ने मिल-जुलकर प्रयास किए। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के नेतृत्व में निगम का अमला मय संसाधनों के विशेष सफाई अभियान में लगा रहा। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सभी से आग्रह किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सम्पूर्ण जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण व संवर्धन का कार्य सभी के सहयोग से हाथ में लिया जाए। बरसात का पानी अधिक से अधिक संग्रहीत हो, इसके लिये शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में सार्थक प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण का कार्य केवल सरकार के भरोसे ही नहीं बल्कि समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर किया जाना चाहिए।

## शराब पार्टी कर रहे युवकों को चाकू की नोंक पर लूट करने वाले बदमाश गिरफ्तार

### - बदमाशो ने बनाया था वारदात का वीडियो, वायरल होने पर पहुंच गये जेल

भोपाल(ए.)। गोविंदपुरा इलाके में स्थित भेल के खाली खंडहरनुमा मकानो में शराब पार्टी कर रहे युवकों के साथ चाकू की नोक पर कर लूटपाट करने वाले दोनों बदमाशों की पहचान जुटाकर



पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। घटना एक महीने पुरानी बताई जा रही है। इसके वीडियो वॉयरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक फरियादी कुनाल त्रिपाठी और गौरव मीणा 18 मार्च की देर शाम भेल के खंडहरनुमा मकान में शराब पार्टी कर रहे थे। उसी समय दो बदमाश वहॉ आए और चाकू अड़ाकर मोबाइल फोन, नकदी सहित अन्य सामान लूट लिए। घटना के दौरान एक बदमाश मोबाइल से उनका वीडियो बना रहा था। बदमाशो के डर के कारण पीड़ित युवको ने तो इसकी शिकायत नहीं की लेकिन अपनी दहशत फैलाने के लिये आरोपियो ने खुद ही घटना का वीडियो वायरल कर दिया।

## मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी में कार्यालीन प्रक्रिया एवं सेवा प्रावधानों पर दो दिवसीय सेमिनार संपन्न

### प्रशासनिक दक्षता को मिलेगा नया आयाम

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौंरी भोपाल में दिनांक 01 एवं 02 अप्रैल को कार्यालीन प्रक्रिया, अवकाश, पेंशन, ग्रेजुएटी, खाते रिकॉर्ड, सेवा पुस्तिका एवं विभिन्न प्रकार की सहायता संबंधी प्रावधान विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा संबंधी नियमों एवं कार्यालयीन प्रक्रियाओं की गहन एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक (ग्रामीण), भोपाल संजय तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यालीन प्रक्रियाओं की शुद्धता एवं समयबद्धता को प्रशासनिक कार्यकुशलता का




आधार बताते हुए अधिकारियों को नियमों की स्पष्ट समझ विकसित करने पर बल दिया।सेमिनार में प्रदेश की विभिन्न पुलिस इकाइयों से आए प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रशिक्षणरत 44वें उप पुलिस अधीक्षक बैच के अधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण सत्रों के दौरान अवकाश, पेंशन, ग्रेच्युटी, सेवा पुस्तिका संधारण, लेखा अभिलेखों के रख-रखाव एवं अन्य सेवा संबंधी प्रावधानों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिससे प्रतिभागियों को अपने दैनिक कार्यों में इन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस विभाग की प्रशासनिक दक्षता एवं कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सकेगी।इस अवसर पर मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी के उप निदेशक संजय कुमार अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने खरगोन जिले के निजी अस्पताल में नवनिर्मित सिकल सेल यूनिट का लोकार्पण किया

## उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा से पैरा नेशनल गेम्स के विजेता खिलाड़ियों ने की भेंट



भोपाल (निप्र)। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से शनिवार को वर्ष 2026 में ओडीसा में आयोजित पैरा नेशनल गेम्स के विजेता खिलाड़ियों ने भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पैरा स्पोर्ट्स के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिये राज्य स्तर पर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा को पैरा नेशनल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि से अवगत कराया। प्रतियोगिता में सुश्री कोमल और सुश्री कनक ने गोल्ड मेडल, सुश्री शांति ने सिल्वर मेडल और अर्पित ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया है। इस दौरान वर्किंग प्रेसीडेंट पैरा स्पोर्ट्स एसोशिएशन डॉ. विवेक सिंह परिहार, डॉ. अनिल कुमार अग्रहरी और श्री शाहिद सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे।

## किशोरी व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम में रेडक्रॉस ने बांटी स्वच्छता किट

भोपाल (ए.)। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा सेवा भारती के सुभाष मंडल, भोपाल के सहयोग से आयोजित किशोरी व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम में किशोरियों को स्वच्छता किट वितरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरियों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस के राज्य शाखा चेयरमैन डॉ. श्याम सिंह कुमरे (आईएएस, सेवानिवृत्त) रहे। उनके साथ सेवा भारती महानगर अध्यक्ष शिव मंगल सिंह, विभाग समन्वयक करण कौशिक तथा सुभाष मंडल अध्यक्ष ताराचंद्र जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात डॉ. कुमरे ने उपस्थित किशोरियों (निवेदिता बहनों) को सोशल मीडिया के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया का सही उपयोग देश और समाज के हित में कैसे किया जा सकता है, साथ ही परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाने पर भी जोर दिया।

इस दौरान किशोरियों को विभिन्न सामाजिक एवं नैतिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया, जिससे उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास में मदद मिल सके।

## जेपी हॉस्पिटल बना प्रदेश का पहला जिला अस्पताल जहां शुरू हुई वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी जांच

### टीबी, लंग कैंसर जैसी कई अन्य गंभीर बीमारियां की हो सकेगी उच्च स्तरीय जांच



भोपाल( निप्र)। जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में शनिवार से वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी जांच सुविधा शुरू हुई है। जेपी अस्पताल यह जांच सुविधा देने वाला प्रदेश का पहला जिला अस्पताल है। यहां पदस्थ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. अंकित तोमर द्वारा ये जांच की गई। ये जांच बेहद मंहगी है। निजी अस्पतालों में इस पर 10 से 15 हजार का खर्चा आता है। वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी एक एडवांस प्रक्रिया है जिसमें एक पतली फ्लेक्सिबल ट्यूब (कैमरा के साथ) को नाक या मुँह के रास्ते लंग (श्वसन नली) में डाला जाता है, ताकि अंदरूनी तौर पर direct visualization किया जा सके। सिविल सर्जन डॉ. संजय जैन ने बताया कि पहले ये सुविधा केवल मेडिकल कॉलेजों तक सीमित थी। सरकार द्वारा जिला अस्पतालों में इस सेवा का विस्तार किया जा रहा है, जिसके क्रम में भोपाल के जिला अस्पताल में ये यूनिट स्थपित की गई है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि ये जांच ट्यूबरक्लोसिस, लंग कैंसर, बार-बार होने वाले इन्फेक्शन, निमोनिया, अनेक्सप्लेंड कफ या खून आना (hemoptysis) जैसी समस्याओं में बेहद उपयोगी है। इसके साथ ही बायप्सी के सैंपल लेना, टिश्यू बायप्सी लेकर इन्फेक्शन या कैंसर कन्फर्म करना, करना, BAL (Bronchoalveolar lavage) से infection identify करना जैसी सेवाएं भी वीडियो ब्रोंकोस्कॉपी से मिल सकेंगी।

## स्कूल चले हम अभियान

# प्रदेश की समस्त स्कूलों में आयोजित हुआ भविष्य से भेंट कार्यक्रम

### संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र सहित अन्य अधिकारी पहुंचे स्कूल, विद्यार्थियों से किया संवाद



भोपाल( निप्र)। स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत शनिवार को प्रदेश की स्कूलों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह भोपाल के पीएम नवीन कन्या विद्यालय तुलसी नगर पहुंचे और विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बात करते हुए उन्हें किताबी पढ़ाई के साथ-साथ दैनन्दिनी जीवन में खेलों के माध्यम से शारीरिक सुदृढता एवं कम्प्यूटर और एआई जैसी तकनीकी सुविधाओं के समावेश पर भी जोर दिया।स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन की दृष्टि से 4 अप्रैल को प्रदेश की समस्त शालाओं में समाज के प्रमुख व्यक्तियों की सहभागिता में भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिये शालाओं में आमंत्रित किया गया था, जिसके तहत प्रदेश की अनेक शालाओं में स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, पुलिस अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी विशेष रूप से बच्चों के बीच पहुंचे और उन्हें जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनेक शालाओं में सामाजिक संस्थाओं एवं आमंत्रित व्यक्तियों द्वारा स्वेच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएं भी भेंट की गई। स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगणों द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और सत्रारंभ के अवसर पर शालाओं में आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

प्रत्येक जिले में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों ने भी चयनित शालाओं में जाकर एक कालखण्ड अध्यापन कराया। भविष्य से भेंट कार्यक्रम में राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर संचालक शीतांशु शुक्ला ने सीहोर, अपर संचालक डॉ. अरूण सिंह इंदौर और देवास जिले की विभिन्न शालाओं में विद्यार्थियों के बीच जाकर संवाद कियाइस अवसर पर राज्य शिक्षा केन्द्र के समस्त जिला प्रभारी अधिकारियों के द्वारा जिलों में प्रवास कर स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों का शाला नामांकन, नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं नि:शुल्क साईकिल वितरण आदि का अवलोकन कर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

# पशुओं में नस्ल सुधार का कार्य बेहतर ढंग से करें : प्रमुख सचिव श्री उमराव

**प्रमुख सचिव श्री उमराव ने जबलपुर एवं मंडला जिले का किया भ्रमण, क्षीरधारा योजना अंतर्गत चयनित पशुपालकों के घर जाकर की भेंट पशु चिकित्सा, एवं पशुपालन महाविद्यालय सभागार जबलपुर में पशु चिकित्सकों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

जबलपुर(ए.)। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव औचक भ्रमण पर जबलपुर पहुंचे। यहां पर पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय सभागार में पशु चिकित्सकों के साथ बैठक की। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर जबलपुर राघवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। प्रमुख सचिव श्री उमराव ने बैठक में डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के प्रकरणों में विस्तार से एक-एक पशु चिकित्सक से विस्तृत चर्चा कर लंबित प्रकरण बैंकों से स्वीकृत करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के अंतर्गत चयनित क्षीरधारा ग्रामों में चलाई जा रही गतिविधियों एवं दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान पर भी चर्चा की। अवार्णित पशुओं में नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा की

प्रमुख सचिव श्री उमराव ने कृत्रिम गर्भाधान कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की प्रशंसा की। साथ ही न्यूनतम कार्य करने वाले पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार करने के निर्देश दिए। सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं से फील्ड में कार्य करने में आ रही कठिनाइयों एवं उनके निराकरण पर विस्तार से चर्चा की। प्रमुख सचिव श्री उमराव ने पाटन के क्षीर धारा ग्राम के पशु चिकित्सालय नुनसर का औचक निरीक्षण भी किया। बैठक में संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी जबलपुर डॉ. व्ही.एन. मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. प्रफुल्ल मून भी उपस्थित रहे।

### मंडला जिले के क्षीरधारा अंतर्गत चयनित ग्राम मैली का किया भ्रमण

प्रमुख सचिव श्री उमराव मंडला जिले के ग्राम मैली पहुंचे। क्षीरधारा योजना अंतर्गत चयनित मैली ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान वे पशुपालक इंद्रकुमार सिंगरौरे, गौरीशंकर सिंगरौरे एवं कृष्णकांत झरिया, ग्राम बिनेका में शिवा चंदरोल, अशोक चंदरोल के घर पहुंचकर भेंट की। पशुपालकों को चयनित सीमेंन के उपयोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही पशुओं के नस्ल सुधार में इसका अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया। अधिकारियों को सघन बधियाकारण एवं बांझ निवारण शिविर लगाने को कहा। जिससे पशुओं में नस्ल सुधार किया जा सके। साथ ही दुग्ध उत्पादन में वृद्धि भी हो सके।।



## बहुजन समाज पार्टी के सक्रिय नेता राजेन्द्र लोधी ने अपनी टीम के साथ थामा कांग्रेस का हाथ

ग्वालियर ( ए.) । बहुजन समाज पार्टी के वार्ड क्रमांक 63 के सक्रिय एवं प्रभावशाली नेता राजेन्द्र लोधी ने अपनी पूरी टीम के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी में संपन्न हुआ। राजेन्द्र लोधी ने अपने साथियों पृथ्वीराज सिंह, बॉबी लोधी, अवनीश लोधी, जय लोधी, निखिल लोधी, बादल लोधी, अभि लोधी, राज लोधी, दीपक किरार, आलोक सिंह लोधी सहित अन्य साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए सदस्यता ग्रहण की। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने सभी को कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## सिंधिया ने बच्चों को पुस्तकें और साईकिलें दीं



अशोकनगर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को जनपद पंचायत ग्राम कचनार के पीएमश्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का वितरण भी किया। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया।इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि गांवों में भी ऐसी क्षमता है, जहां से देश के लिए लाखों योग्य और सशक्त नागरिक तैयार किए जा सकते हैं।केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे विकास का उल्लेख किया।

## वर्धमान जैन युवा मंच जानकी नगर के चुनाव संपन्न

**- नितेश मोदी अध्यक्ष, प्रदीप और परेश बने सचिव**

इंदौर (ए.)। वर्धमान जैन युवा मंच, जानकी नगर की साधारण सभा में आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। देवगुराड़िया स्थित एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित इस बैठक में सर्वानुमति से नितेश मोदी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं, प्रदीप छल्लाणी एवं परेश मेहता को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रचार मंत्री नवीन जैन एवं अंकुश रामपुरिया ने बताया कि चुनाव के पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल मेहता, संरक्षक शिखरचंद बाफना और गजराज बेताला सहित वरिष्ठ सदस्यों ने स्वागत किया। बैठक में समाज के 90 से अधिक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।नवनियुक्त अध्यक्ष नितेश मोदी ने अपनी प्राथमिकताएं साझा करते हुए बताया कि मंच द्वारा आगामी महावीर जयंती का पर्व बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके साथ ही सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को गति दी जाएगी। निवर्तमान अध्यक्ष कांतिलाल मेहता के सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए सभा का संचालन अरिहंत छल्लाणी ने किया। अंत में अश्विन लुणावत ने आभार व्यक्त किया।

## सड़क किनारे खड़ी स्कूटी में बाइक सवार ने मारी टक्कर, तीन घायल

अनूपपुर(ए.)। मध्य प्रदेश एवं अनूपपुर जिले के अमरकंटक थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक सड़क हादसे में अनियंत्रित बाईक खड़ी स्कूटी से जा टकराई, जिससे तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर सभी घायलों को तत्काल चिकित्सालय पहुंचाया।जानकारी के अनुसार अमरकंटक-शहडोल मार्ग जालेश्वर तिराहा पर शाम करीब तेज रफ्तार दो पहिया वाहन अनियंत्रित होकर खड़ी स्कूटी से जा टकराई, जिससे तीन लोग घायल हो गए। हर्राटोला पोडकी निवासी 32 वर्षीय मंगल माझी, अपनी नई बाईक की पूजा-अर्चना कर अमरकंटक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान जालेश्वर तिराहा के मोड़ पर तेज गति के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खड़े ग्राम किरगी निवासी प्रिंस सोनी एवं उनकी चाची सुधा सोनी की स्कूटी से जा टकराया।

## मॉडलिंग और एडवेंचर छोड़ संयम पथ पर विनुषी भंडारी

**- कैबिनेट मंत्री चेतन कश्यप व विधायक मालिनी गौड़ की उपस्थिति में हुआ दीक्षार्थी का अभिनंदन**



इंदौर (ए.)। जावरा कम्पाउंड निवासी वीरेन्द्र-शीतल भंडारी की उच्च शिक्षित सुपुत्री विनुषी भंडारी (30 वर्ष) अब सांसारिक सुख-सुविधाओं को त्यागकर संयम के पथ पर अग्रसर हो रही हैं। शनिवार को शहर में उनका भव्य वरघोड़ा (जुलूस) निकाला गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। रजत मंडित रथ पर सवार होकर विनुषी ने जब अपनी प्रिय सांसारिक वस्तुओं को लुटाना शुरू किया, तो वह दृश्य वैराग्य की पराकाष्ठा को दर्शा रहा था। साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में आयोजित यह जुलूस रवीन्द्र नाट्य गृह पहुँचा, जहाँ एक गरिमामय समारोह में उनका अभिनंदन किया गया।विनुषी ने अपने संबोधन में बताया कि उन्होंने जीवन में पैराग्लाइडिंग, स्काई डाइविंग और मॉडलिंग जैसे हर शौक को पूरा किया, लेकिन शांति गुरु भक्ति में मिली। मुंबई में आचार्य प्रवर रामलाल म.सा. के दर्शन ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने कहा, मैंने टिप-टॉप और लक्ज़री लाइफ जी है, लेकिन पत्रों के माध्यम से गुरुदेव से मिले मार्गदर्शन ने मुझे अहसास कराया कि असली आनंद आत्म-कल्याण में है। साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा एवं महामंत्री पिंकेश पगारिया ने बताया कि विनुषी की दीक्षा का मुख्य महोत्सव 23 अप्रैल को नोखा में आयोजित होगा।

## ओलावृष्टि और बरसात से किसान चिंतित, गेहूं व बरसीम की फसल को नुकसान की संभावना

मुरैना, (ए.)। पश्चिम विक्षोभ को लेकर मौसम में हुये बदलाव का प्रभाव मध्य प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में भी देखा गया। राष्ट्रीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान को इस आपदा ने पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। शनिवार दोपहर बाद अचानक आये तेज आंधी व बरसात के साथ ओलों ने किसान को गहरे संकट में पहुंचा दिया। जिला प्रशासन द्वारा ओलावृष्टि से नुकसान का आंकलन करने के लिये राजस्व अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। जिले के सबलगढ़ कैलारस से लेकर जौरा तहसील के अनेक क्षेत्रों तक ओलावृष्टि हुई। चने के आकार के ओले पानी से भी तेज गति से जमीन पर गिरे, जिससे जमीन सफेद हो गई। यह मंजर शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखा गया। यह हालात 15 से 20 मिनट तक बने रहे।सुबह से ही आसमान पर छोटे-छोटे बादल तेज गति से चहलकदमी करते देखे गये। दोपहर में आसमान बादलों से घिर गया और कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ ओले गिरना शुरू हो गये। जिससे पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को काफी राहत मिली। मौसम में आए इस बदलाव से शहरवासियों ने सुकून की सांस ली।

## व्यापार समाचार

## मिडिल ईस्ट संकट और घरेलू अव्यवस्थाओं से पाकिस्तान में गहराया बिजली संकट

नई दिल्ली (आरएनएस) । पाकिस्तान में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अगले महीने से एलएनजी (एलएनजी) की आपूर्ति लगभग शून्य होने की आशंका है, जिससे कुल बिजली उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा प्रभावित होगा।

कराची स्थित बिजनेस रिकॉर्डर में प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, एलएनजी की कमी से कुल बिजली उत्पादन का 20 प्रतिशत से अधिक हिस्सा प्रभावित होगा, जबकि कोयले की आपूर्ति पर दबाव के कारण करीब 30 प्रतिशत बिजली उत्पादन पर असर पड़ सकता है।

स्थिति से निपटने के लिए सरकार फर्नेस ऑयल का सहारा लेने पर मजबूर है, लेकिन इससे बिजली उत्पादन की लागत काफी बढ़ जाती है। गैस और कोयले के मुकाबले फर्नेस ऑयल से बिजली बनाना महंगा पड़ता है।रिपोर्ट के अनुसार, सरकार रोजाना 2 से 3 घंटे की लोड शेडिंग, बिजली दरों में बढ़ोतरी और ऊर्जा बचत जैसे कदम उठाने की योजना बना रही है। हालांकि, इन उपायों की सफलता उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।विशेषज्ञों का कहना है कि बाजारों को जल्दी बंद करना और अधिक बिजली खपत वाली रोशनी पर प्रतिबंध जैसे सरल उपाय पहले भी असरदार साबित हुए हैं, लेकिन इन्हें मौजूदा रणनीति में प्राथमिकता नहीं दी गई है। इससे बोझ आम जनता और उद्योगों पर ज्यादा पड़ सकता है।

रिपोर्ट में घरेलू कुप्रबंधन को भी संकट का बड़ा कारण बताया गया है। पाकिस्तान रेलवे और कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के बीच विवाद के चलते 1500 से 1800 मेगावाट बिजली उत्पादन खतरे में है। कोयले के परिवहन में बाधाएं, वैगन लोडिंग में देरी और समन्वय की कमी ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। इससे न केवल अतिरिक्त लोड शेडिंग की आशंका बढ़ गई है, बल्कि महंगे ईंधन पर निर्भरता भी बढ़ रही है। वहीं, पाकिस्तान रेलवे को भी माल ढुलाई से होने वाली आय में नुकसान उठाना पड़ सकता है।रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा संकट भले ही बाहरी कारणों से शुरू हुआ हो, लेकिन इसकी गंभीरता काफी हद तक घरेलू नीतियों और फैसलों पर निर्भर करेगी। यदि मांग प्रबंधन और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो हर संकट की कीमत और अधिक बढ़ती जाएगी।

## तेलंगाना : 12 मार्च से अब तक 3,699 घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त

हैदराबाद (आरएनएस) । एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, तेलंगाना नागरिक आपूर्ति विभाग ने अब तक 3,699 अवैध घरेलू एलपीजी सिलेंडर जब्त किए हैं, अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया। विभाग ने 70 छोटे सिलेंडर भी जब्त किए हैं। ये सभी सिलेंडर 12 मार्च से 3 अप्रैल के बीच जब्त किए गए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, जब्त की गई संपत्ति की कीमत 1.10 करोड़ रुपए है।

आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6ए के तहत कुल 1,275 मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 216 एफआईआर दर्ज की गई हैं।आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 6ए के तहत, जिला कलेक्टरों को यह अधिकार है कि यदि उन्हें जमाखोरी और काला बाजारी का संदेह हो, तो वे आवश्यक वस्तुओं को जब्त कर सकते हैं।

अधिकारी उन मामलों में कार्रवाई कर रहे हैं जहां घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का इस्तेमाल व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है।

नागरिक आपूर्ति विभाग ने लोगों को पहले ही आश्वस्त किया है कि घरेलू एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन चेतावनी दी है कि किसी भी तरह के दुरुपयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# पश्चिम एशिया तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतें कई वर्षों के उच्चतम स्तर पर, ब्रेंट क्रूड में 8 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली (आरएनएस) । वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में शुक्रवार को तेज उछाल देखा गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर अगले 2-3 हफ्तों में संभावित सैन्य हमले की चेतावनी देने के बाद बाजार में सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 8 प्रतिशत बढ़कर 109.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) फ्यूचर्स 111.54 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा था।

सप्ताह के दौरान यूएस डब्ल्यूटीआई क्रूड में पिछले शुक्रवार के मुकाबले 11.94 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड में इसी अवधि में 3.14 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब पांचवें हफ्ते में पहुंच गया है, जिससे वैश्विक बाजार से हर दिन लाखों बैरल तेल की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके चलते ऊर्जा कीमतें कई साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) से गुजरने वाली सप्लाई पर निर्भर देशों में ईंधन की कमी भी देखने को मिल रही है। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति इसी मार्ग से होती है।



इस हफ्ते दिए गए अपने भाषण में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका आने वाले हफ्तों में ईरान पर 'बेहद कड़ा प्रहार' कर सकता है। हालांकि, उन्होंने इस अहम समुद्री मार्ग को दोबारा खोलने की कोई स्पष्ट योजना नहीं बताई और अन्य देशों से इसे सुचारू करने की जिम्मेदारी लेने को कहा।

विश्लेषकों का कहना है कि अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतों, भारतीय रुपए और उभरते बाजारों में विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर स्थिति में सुधार होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और करेंसी में स्थिरता आ सकती है, लेकिन तनाव बढ़ने पर बाजार में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और बढ़ेगी।

कीमती धातुओं की बात करें तो कॉमेक्स गोल्ड फ्यूचर्स 0.48 प्रतिशत गिरकर 4,679.70 डॉलर पर ट्रेड कर रहा था, क्योंकि निवेशक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश विकल्प तलाश रहे हैं।

इस बीच, गुड फ्राइडे के कारण घरेलू कमोडिटी बाजार सुबह के सत्र में बंद रहे।वहीं, पश्चिम एशिया के बढ़ते तनाव और करेंसी में उतार-चढ़ाव के चलते भारतीय शेयर बाजार लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुए, जहां दोनों प्रमुख बेंचमार्कों ङ्क सेंसेक्स और निफ्टी ङ्क में कमजोरी रही।

## यूआईडीएआई में इंटर्नशिप का सुनहरा मौका, 28 पदों के लिए 15 अप्रैल तक करें आवेदन

नई दिल्ली (आरएनएस) । आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ जुड़ने से अपने शानदार करियर की शुरुआत करने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए एक खास मौका सामने आया है। यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने इंटर्न के कुल 28 पदों पर वैकेंसी की आधिकारिक अधिसूचना जारी की है।




यूआईडीएआई की ओर से जारी पदों के लिए ऑनलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फॉर्म भरने की सोच रहे हैं, उन्हें तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है।

यूआईडीएआई ने इंटर्न के जिन 28 पदों पर वैकेंसी निकाली है, उनमें बी(टेक)/बीई और एमटेक के 10+4, बैचलर ऑफ डिजाइन (बी-डेस) के 2, मास्टर ऑफ डिजाइन (एम-डेस) के 4, बैचलर ऑफ मैथेमेटिक्स (बी-मैथ्स)/बैचलर ऑफ स्टैटिस्टिक्स (बी-स्टेट) के 4 और मास्टर ऑफ साइंस इन मैथमेटिक्स (एम-मैथ्स)/मास्टर ऑफ स्टैटिस्टिक्स (एम-स्टेट) के 4 पद शामिल हैं। एप्लीकेशन फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या यूनिवर्सिटी से संबंधित पद अनुसार ग्रेजुएशन या पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। इसी के साथ कैंडिडेट्स के पास अन्य निर्धारित स्किल का होना भी अनिवार्य है।योग्य अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग, इंटरव्यू/डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा,

## बैंक खाते से अब नहीं उड़ेंगे पैसे, OTP चुराने वालों के लिए आ गई नई तकनी; हैकर्स के भी उड़ जाएंगे होश

नई दिल्ली (ए.)। तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए अब एक बेहद हाईटेक तकनीक पर काम चल रहा है। बैंक और टेलीकॉम कंपनियां मिलकर जल्द ही 'साइलेंट ऑथेंटिकेशन' नाम का एक नया सिस्टम लाने वाली हैं, जिसके बाद ओटीपी चोरी होने पर भी जालसाज आपके बैंक खाते में सेंध नहीं लगा पाएंगे। यह नई तकनीक मौजूदा वन-टाइम पासवर्ड (OTP) का एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प बनने जा रही है। फिलहाल यह सिस्टम टेस्टिंग फेज में है और इसके पूरी तरह लागू होते ही साइबर क्रिमिनल्स के सारे हथकंडे फेल हो जाएंगे, क्योंकि बैंक किसी भी संदिग्ध ट्रांजैक्शन को पलक झपकते ही ब्लॉक कर देंगे।

**क्या है साइलेंट ऑथेंटिकेशन?**

इस नई और आधुनिक तकनीक को बैंकिंग सेक्टर के लिए एक्स्ट्रा लेयर ऑफ ऑथेंटिकेशन का नाम दिया जा रहा है। मौजूदा समय में ऑनलाइन पेमेंट या किसी भी ट्रांजैक्शन को पूरा करने के लिए यूजर्स को पासवर्ड के साथ-साथ अपने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को वेरिफाई करना होता है। ऐसे में जालसाज सिम स्वैप या कॉल फॉरवर्डिंग जैसी ट्रिक्स का इस्तेमाल करके लोगों के बैंक अकाउंट आसानी से खाली कर रहे हैं। अगर किसी हैकर के पास आपके कार्ड की डिटेल और मोबाइल नंबर का एक्सेस पहुंच जाता है, तो वह पल भर में आपकी गाढ़ी कमाई उड़ा लेता है। पिछले कुछ महीनों में इस तरह के फ्रॉड के ढेरों मामले सामने आए हैं, जिसमें लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा है। इसी बड़े खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए बैंक और टेलीकॉम कंपनियां इस नए समाधान पर काम कर रही हैं।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, साइलेंट ऑथेंटिकेशन तकनीक पूरी तरह से बैकग्राउंड वेरिफिकेशन पर आधारित होगी। इसमें स्क्रीन पर हैकर्स को भनक तक नहीं लगेगी कि बैंक उनके ट्रांजैक्शन पर गुप्त रूप से नजर रख रहा है। इस सिस्टम में असली यूजर की पहचान करने के लिए बैंक अकाउंट और ओटीपी के साथ-साथ मोबाइल डिवाइस की आईडी का भी इस्तेमाल किया जाएगा।

जैसे ही बैंक खाते से कोई ट्रांजैक्शन शुरू होगा, बैंक रियल टाइम में यह वेरिफाई कर लेगा कि रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर वाला असली डिवाइस एक्टिव स्टेटस में है या नहीं।ट्रांजैक्शन के वक्त डिवाइस के एक्टिव स्टेटस की यह सटीक जानकारी टेलीकॉम ऑपरेटर के जरिए सीधे बैंक तक पहुंच जाएगी। इस तरह से बैंक को तुरंत पता चल जाएगा कि जो व्यक्ति ट्रांजैक्शन कर रहा है वह असली ग्राहक है या कोई हैकर किसी अन्य डिवाइस के माध्यम से इसे अंजाम दे रहा है। अगर ट्रांजैक्शन के वक्त असली डिवाइस एक्टिव नहीं मिलता है, तो बैंक तुरंत उस ट्रांजैक्शन को ब्लॉक कर देगा और आपका पैसा सुरक्षित रहेगा। फ्रॉड रोकने के लिए दूरसंचार विभाग की तरफ से भी पिछले काफी समय से इस खास तकनीक पर काम किया जा रहा है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## अनाज से ज्यादा अहम और क्या

भारत अपनी 30 फीसदी उर्वरक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है। मगर, कई उर्वरक जो देश में बनते हैं, उनकी इनपुट सामग्रियों पर ध्यान दें, ये तो निर्भरता 70 फीसदी तक बढ़ जाती है। क्या ये स्वस्थ स्थिति है?

अभी पिछले साल ही अमेरिका से व्यापार युद्ध के सिलसिले में जब चीन ने उर्वरकों का निर्यात रोका, तो उससे भारत भी गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। उसके पहले 2022 में रूस- यूक्रेन की लड़ाई शुरू हुई, तब भी भारत को उर्वरक आपूर्ति की समस्या से जूझना पड़ा था। अब पश्चिम एशिया में जारी युद्ध से उससे भी बड़ी समस्या खड़ी होती दिख रही है। युद्ध के लंबा खिंचने के साथ देश में उर्वरकों की उपलब्धता की चिंता हर दिन अधिक गहराती जा रही है। ध्यान देने की बात है कि उर्वरकों का संबंध देश की खाद्य सुरक्षा से है। किसी भी देश की सर्वोच्च प्राथमिकता खाद्य के मामले में आत्म-निर्भरता होनी चाहिए। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज खेती-बाड़ी से जुड़ी अनिवार्य चीजों के मामले में भी भारत दूसरे देशों पर निर्भर बना हुआ है। मोटे आंकड़ों के मुताबिक भारत अपनी 30 फीसदी उर्वरक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर है। मगर, कई उर्वरक जो देश में बनते हैं, उनकी इनपुट सामग्रियों पर ध्यान दिया जाए, ये तो निर्भरता 70 फीसदी तक बढ़ जाती है। क्या ये स्वस्थ स्थिति है? पिछले साल के आंकड़ों के मुताबिक इस मामले में भारत सबसे ज्यादा निर्भर रूस (18.1 प्रतिशत), सऊदी अरब (15.7), चीन (15) और मोरक्को (14.8 प्रतिशत) पर था। जॉर्डन, ओमान, कतर, यूएई और मिस्र अन्य देश हैं, जिनसे भारत उर्वरक के इनपुट आयात करता है। फिलहाल पश्चिम एशिया वाले तमाम देशों से आयात कठिन हो गया है। वहां जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन सामग्रियों की कीमत में भी भारी उछाल आया है। इसका बोझ सरकारी खजाने पर पड़ेगा। पिछले साल केंद्र ने उर्वरक सब्सिडी के तौर पर 1.87 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। इस वर्ष इस मद में 1.71 लाख करोड़ रुपये रखे गए हैं। जाहिर है, वास्तविक खर्च इससे काफी ज्यादा होगा। बहरहाल, मामला सिर्फ सब्सिडी बजट का नहीं है। मुद्दा है कि इस बारे में दीर्घकालिक योजना क्यों नहीं बनाई जाती? क्यों नहीं इनपुट के स्रोतों का विस्तार कर उर्वरक उत्पादन का कार्य अपने देश में किया जाता? आखिर अनाज से ज्यादा अहम और क्या है?

# अफगानिस्तान से लेकर भारत तक भूकंप के झटके!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**



भारत मे दिल्ली-एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके के आने पर लोग घरों से बाहर निकल गए। ये झटके दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा राजस्थानऔर पंजाब सहित कई प्रदेशों में महसूस किए गए हैं। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में बताया जा रहा है।दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होने से लोग दहशत में आ गए। गनीमत रही कि भूकंप से कहीं जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई है। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, पुंछ और कश्मीर घाटी के कई इलाकों में महसूस किए गए हैं।भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में जमीन के अंदर 175 किलोमीटर नीचे था। भूकंप का केंद्र जमीन के काफी अंदर होने की वजह से इसका असर कम हुआ है। अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सहित उत्तर भारत में भूकंप आने से पहले तिब्बत में धरती हिली थी। तिब्बत में बीती रात करीब 8.12 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तिब्बत में आए भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई थी।

पिछले साल म्यांमार और थाईलैंड में दोपहर के समय आए भयंकर भूकंप को रिक्टर पैमान पर 7.9 की तीव्रता का नापा गया था। इतने तेज भूकंप के कारण दोनों ही देशों में भारी तबाही हुई थी। इन देशों की विशाल इमारतें और पुल ढह गए और भारी जान माल का नुकसान हुआ था। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनवात्रा ने बैंकाक के अंदर आपातकाल की घोषणा की थी। इस भूकंप का केंद्र म्यांमार बताया गया था। जिसका भारी प्रभाव थाईलैंड तक पड़ा था। बैंकॉक में 7.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से इमारतें हिलने लगीं थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर को यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था, जिसका केंद्र म्यांमार में था। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 170 लाख से अधिक है, जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक की ऊंची इमारतों एवं होटल से लोगों को बाहर निकाला गया। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कुछ ऊंची इमारतों के अंदरूनी हिस्सों में 'स्वीमिंग पूल' में पानी में लहरें उठती दिखीं। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है। थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां सैंकड़ो लोग इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड राज्यों में आज आए भूकंप से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। वही दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में विगत वर्ष 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे,जिसमे कई सेकंड तक धरती डोलती रही थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया था, जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी।भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आते है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है। सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे। उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे। भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है।भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है।भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है। पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।

# इस्त्रायल- अमेरिका बनाम ईरानः होर्मुज की किरकिरी और ट्रंप का पसोपेश

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

***ऐसा लगता है कि सब कुछ जेम्स हेडली चेज के उपन्यास के शीर्षक की तर्ज पर हुआ और डोनाल्ड ट्रंप और बेन्जामिन नेतन्याहू की जुगल-जोड़ी के साथ आ-बला, पकड़ गला की उक्ति चरितार्थ हो गयी। एक माह बीत चुका है, लेकिन वर्षों से पाबंदियां झेल रहे ईरान के कस बल ढीले नहीं पड़ रहे हैं। उसने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी कर रखी है और इस्राइल के फौजी और नागरिक ठिकानों पर रोजाना दस बैलिस्टिक मिसाइलें दाग रहा है। एक अप्रैल को बेत शेमेश पर उसके प्रहार से नौजने ठौर मारे गये और तिफरेत का सीनेगाग नष्ट हो गया। इस बीच इस्राइल की परेशानी इस नाते बढ़ गई है कि 28 मार्च से हूती लड़ाके भी जंग में शामिल हो गये है। हूतियों के दक्षिण इस्राइल में हमलों का स्रोत यमन है, लेकिन उस पर इराक और लेबनान के रास्ते भी आक्रमण शुरू हो गये हैं।***

गौरतलब है कि इस्रायल का दक्षिण लेबनान पर कब्जा उसकी ग्रेटर इस्रायल मुहीम का हिस्सा है, किंतु संसाधनों की न्यूनता के चलते अनेक मोर्चों का खुलना उसके लिये घातक और और विनाशकारी है। इस्रायल पर इराक और लेबनान की ओर से हमले तथा थ्री एच-हमस, हूतो और हिजबुल्लाह की साझा सक्रियता बीबी (नेतन्याहू) की पेशानी पर सलों के लिये पर्याप्त है। तेल अवीव,



हैफा और येरुशलम पर लगातार द्रोन और मिसाइलें दाग कर ईरान ने आयरन डोम का मिथ ध्वस्त कर दिया है और संख्याबल के आधार पर वह इस्रायल को देर तक छकाने के मूड में है।

35 दिनों से जारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के फलस्वरूप सबसे बुरी गत ट्रंप की बनी है। अब साफ हो गया है कि उन्होंने ईरान पर हमला बीबी के उकसावे पर खब्त में आकर किया। मिशन की सबसे बड़ी विफलता यह रही कि पहले ही दिन अयातुल्लाह खामेनेई के हलाक होने के बावजूद ईरान में कोई कू-दे-ता (तख्तापलट) नहीं हुआ। अयातुल्लाह के उत्तराधिकारी मोज्तबा मस्क्वा में स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं और उनकी ट्रंप को नसीहत ने सारे विश्व का ध्यान आकृष्ट किया है। ट्रंप की दुनिया भर में भद्द पिटी है और 80 वर्षीय सनकी राष्ट्रपति के खिलाफ अमेरिकी शहरों में 80 लाख से अधिक लोगों ने प्रदर्शन किया।

उनके खिलाफ कांग्रेस में अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात भी चल रही है। उनकी भतीजी की मुखालफत के बाद अब सिनेटर लिंडसे ग्राहम जैसे उनके समर्थक जो कल तक फिल्लिया फड़काने और खरग पर कब्जे की दंभोक्ति कर रहे थे, अब युद्धपोतों से पाल उतारने की बात कर रहे हैं। अमेरिका अब तक जंग पर 36 बिलियन डॉलर फूंक चुका है। नतीजा ढाक के तीन पात। अनेक अमेरिकी मेरिनर ईरान के हत्थे लग गये हैं और 31 मार्च को अमेरिकी युद्ध संवाददाता सुश्री शैली पिट्सन का बगदाद में अपहरण कर लिया गया। उसके बाद से शैली का कोई अता-पता नहीं है।अमेरिका-इस्राइल बनाम ईरान जंग को लेकर भविष्यवाणी नामुमकिन इसलिये है, क्योंकि कोई नहीं जानता कि ट्रंप कब क्या कर बैठेंगे? ईरान की शिकस्त और रेजीम चेंज के मामले में हाथ मल रहे ट्रंप अब होर्मुज जलडमरूमध्य के मुद्दे को भी भुलाने को तैयार है और चाहते हैं कि इस मुद्दे को क्षेत्रीय व योरोपीय शक्तियां सुलझायें। उनके शब्दों पर गौर करें। वह कहते हैं द वार इज गोइंग ग्रेट एंड कमिंग टू ऐन एण्डा मुमकिन है कि परमाणु हमला भी उनके दिमाग में हो, लेकिन पैट्रियाटिक विजन के यूएनओ में प्रतिनिधि मोहम्मद सफा के इस्तीफे से इस साजिश का भांडा फूट गया है। जंग का सबसे बड़ा असर है कि अमेरिका पोषित नाटो ने अमेरिका को धता बता दी है। उसके अनन्य सहयोगी ब्रिटेन के कीर स्टार्मर ने सहयोग से साफ इंकार कर दिया दिया है और फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड, इटली स्पेन आदि भी उसी रास्ते पर हैं। जर्मनी में तो सारे अमेरिकी फौजियों और साजो सामान की वापसी की मांग उठ रही है। जंग से अमीर-उमराव दुबई और मध्यपूर्व में इंवेस्टमेंट से मुँह फेर लेंगे। ईरान की रणनीति कि उसने अमेरिका के सबसे बड़े एयरक्राफ्ट करियर अब्राहम लिंकन को दूर खदेड़ दिया है और सबसे ताजा खबर है कि तेल अवीव ने मध्यस्थता के लिये बीजिंग से संपर्क साधा है। यकीनन सामरिक और ऊर्जा के मान से दुनिया नये समीकरणों की देहरी पर है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज का दिन यात्रा में बितेगा। ये यात्रा ऑफिस के काम से रिलेटेड हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा। किसी कम्पनी से जॉब के लिये ईमेल आ सकता है। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कम्पटीटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार आपको मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। घर में सुख-शांति बनी रहेगी।

वृषभ राशि: आज का दिन आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता रहेगी। परिवार में आज सुखद वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन आज मधुरता से भरपूर रहेगा। आज आपकी उलझने कम हो सकती है। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों का आज प्रमोशन होने की संभावना है। आज आपकी पारिवारिक समस्यायें दूर हो जाएगी।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा।आज आपके कलीग और बॉस दोनों मिलकर आपके प्रदर्शन से खुश होकर आपको स्पेसेल फील करवाने के लिए सरप्राइज पार्टी प्लान करके इस दिन को आपके लिए बहुत खास बना देंगे। मौसम का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा।अगर किसी मित्र से आपकी अनबन हुई है तो आज फ्रेंडशिप करने के लिए अच्छा दिन है।

कर्क राशि: आज आपका मन स्थिर रहेगा। ऑफिस में आज आपकी परफॉरमेंस अच्छी रहेगी। सीनियर्स आपके काम से खुश होकर बुक गिफ्ट कर सकते हैं। सहकर्मी आपके पक्ष में रहेंगे। आज किसी दूसरे के काम में बेवजह अपनी राय न दें।

सिंह राशि: आज आपके मन में नए नए विचार उत्पन्न होंगे। हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने से भविष्य में आपको फायदा होगा। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे। इस राशि के कॉन्ट्रेक्टर के लिए आज का दिन अच्छा होगा। हो सकता है कि आपको आज नया कॉन्ट्रेक्ट मिलें।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए काफी रिफार्मेटिव रहने वाला है। सर्वोच्च पदाधिकारियों को आज बहुत सारे नियम और कानून में रिफार्म यानी सुधार करना पड़ेगा जो की अनिवार्य होगा। विद्यार्थिओं को भी आज अपने स्टडी प्लान में रिफार्म करना लाभदायक होगा। आर्थिक स्थिति अच्छी होगी।

तुला राशि: आपके लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से बहुत बड़ी खुशखबरी मिलने के योग है। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनीयर्स की तरफ से पॉजीटिव रिसपॉन्स मिलेगा।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आपका मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है और उनके साथ आप पास के किसी दार्शनिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आज आपको पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आज आपकी विशेष इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। आज आपका धार्मिक कार्यों में जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

धनु राशि: समय आज व्यस्तता में बीतेगा। आज आपके करीबी आपको अचानक गिफ्ट देकर सरप्राइज कर सकते हैं। आज बहुत पुराना कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आ सकता है।बहुत बिजी शेड्यूल होने बावजूद भी आज आप अपने बच्चों के साथ समय बिताने के लिए समय जरूर निकालेंगे। इस राशि के लोग आज बिजनेस के मामले में सोच-समझकर कर फैसला लें सफलता अवश्य मिलेगी।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज आपको अपने लोगों के बीच अपनी छवि बेहतर करने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके दुश्मन आपसे दूर ही रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमनें जा सकते है। बच्चों के साथ गेम ज़ोन और डिनर पर जाने का प्लान बनेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी।संतान की सफलता से आपको प्रसन्नता होगी। इस राशि के लोगों के व्यापार में आज दो गुना वृद्धि होगी।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है व बच्चों के पढ़ाई का हो सकता है। बॉस और कालीगस आज आपसे बहुत खुश रहने वाले हैं ऑफिस में आपके कार्यों की तारीफ होगी। बॉस आपकी पदोन्नति करने का मन बना सकते हैं। आज आपका स्वास्थ्य रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है।

# ईरान अमेरिका युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका दलाल की , ईरान की ओर से युद्ध पर कोई बात नहीं

**अजय दीक्षित**

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर दिल्ली में 26 मार्च को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि ईरान अमेरिका युद्ध में पाकिस्तान दलाल की भूमिका निभा रहा है। एस जयशंकर की इस शब्दावली पर आपत्ति की गई या होसकती है मगर ये अलंकार सही लगता है पाकिस्तान पर । हालांकि ये खिचड़ी तब से पक रही जब पाकिस्तान सेना प्रमुख मुनीर खान को डॉनल्ड ट्रंप ने पहलगाम के बाद वाशिंगटन बुलाया था।

दरअसल पाकिस्तान की कलई खोली आज इजरायल ने जब ईरान स्थित पाकिस्तान दूतावास पर मिसाइल से दो हमले किए। इजरायल ने पाकिस्तान को दलाल भी घोषित किया। इजरायल किसी भी कीमत पर अब अमेरिका को युद्ध से एग्जिट होने नहीं देना चाहता जबकि डॉनल्ड ट्रंप एग्जिट होने को आतुर क्योंकि उनके देश में इस युद्ध की खिलापत हो रही है। ईरान की इस्लामिक रिवॉलनसरी गार्ड

नहीं चाहता कि युद्ध अमेरिका की शर्तों पर रुके वह आर पार के मूड में है क्योंकि 40 वर्ष से इस युद्ध की तैयारी कर रहा था।1979 से वह अमेरिका की किरकिरी बना हुआ था।

पूरे दक्षिण और मध्य पूर्व एशिया में ईरान अकेला गैर सुन्नी मुस्लिम देश है उनकी धार्मिक मान्यता अलग है।जबकि सबसे बड़ा और प्राकृतिक रूप धनी देश है ।यहां की फारस की खड़ी की सभ्यता इराक की तरह प्राचीन है।जबकि इस्लाम तो छठवीं सदी में स्थापित हुआ है।ईरान के मुस्लिम हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब को अंतिम मैसेंजर नहीं मानते जबकि सुन्नी मुस्लिम देश कतर, यूएई कुवैत, तुर्की, इराक, मिश्र, पाकिस्तान,बांग्लादेश,बहरीन, सऊदी अरब,आदि सुन्नी देश है। यही भावना ईरान को अलग करती है। इसीलिए पाकिस्तान,तुर्की जैसे देश की मध्यस्थता ईरान को स्वीकार नहीं है ।दूसरे ईरान चाहता है कि अमेरिका अपनी सेना ईरान की जमीन पर उतार दे । बताते दस लाख इस्लामिक रिवॉलनसरी गार्ड अमेरिका की सेना की धज्जियां उड़ाते दिखे गे।आज तक जमीनी युद्ध में अमेरिका जीता ही नहीं।ईरान पर कई विकल्प हैं जैसे खाड़ी देशों के पेयजल प्लांट को तवाह करना तो अमेरिकी सेना संकट में फंस जाएगी । 6 अप्रैल के बाद वाशिंगटन क्या करेगा। पाकिस्तान तुर्की चाहते हैं कि ईरान समर्पण करदे मगर ईरान अमेरिका को सबक सिखाने वाला है।पाकिस्तान तो भीखमंगा देश है उस के पास विदेशी मुद्रा भंडार नहीं है तो बढ़ती दाम पर तेल कैसे खरीदे गा। अमेरिका के सामने इस लिए दलाल की भूमिका में है कि किसी प्रकार डॉनल्ड ट्रंप मदद कर दे। पाकिस्तान की इस मुखबिरी से इज़रायल सख्त नाराज इसलिए उसने आज पाकिस्तान की ईरान स्थित दूतावास पर मिसाइल से हमला किया।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सही कहा कि भारत पाकिस्तान की तरह देश नहीं है जिसे कुछ लोग चला रहे हों मजबूत लोकतांत्रिक देश है दलाल नहीं ।

# नवजीवन का संदेश देता पुनरुत्थान पर्व ईस्टर

**योगेश कुमार गोयल**

क्रिसमस के अतिरिक्त 'ईस्टर' को भी ईसाई धर्म का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्व माना जाता है। एक ओर जहां क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है, वहीं ईस्टर उनके पुनरुत्थान का पर्व है। यह पर्व प्रतिवर्ष गुड फ्राइडे के तीसरे दिन रविवार को मनाया जाता है, जिसे 'ईस्टर संडे' भी कहा जाता है। इस वर्ष यह 5 अप्रैल को मनाया जा रहा है। गुड फ्राइडे का दिन ईसा मसीह के बलिदान की याद दिलाता है, जब उन्हें सूली पर चढ़ाया गया था। यह दिन ईसाइयों के लिए शोक और गंभीरता का दिन होता है लेकिन उसके ठीक तीसरे दिन रविवार को जब ईसा मसीह के पुनः जीवित होने की मान्यता है, उस दिन लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं होता। उसी पुनरुत्थान की स्मृति में ईस्टर मनाया जाता है, जिसे ईसाई धर्म में परम आनंद और नवजीवन का प्रतीक माना गया है। ईसाई धर्म के अनुसार, ईसा मसीह का पुनर्जीवन उनकी दिव्यता और प्रभुता का प्रमाण माना जाता है। ईसा ने अपने जीवन में प्रेम, करुणा, क्षमा और सेवा का जो संदेश दिया था, वह उनके बलिदान और पुनरुत्थान के माध्यम से और अधिक प्रभावशाली बन गया। ईस्टर के दिन ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में एकत्र होते हैं, मोमबत्तियां जलाते हैं, बाइबिल का पाठ करते हैं और यीशु को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं। इस दिन को 'ईस्टर दिवस' या 'ईस्टर रविवार' के नाम से भी जाना जाता है। बाइबिल में वर्णित घटनाओं के अनुसार, ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने के बाद उन्होंने 40 दिनों तक पृथ्वी पर निवास किया और अपने अनुयायियों को सत्य, प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाया। फिर वह स्वर्ग की ओर चले गए।ईस्टर केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है बल्कि यह नवजीवन, उम्मीद और सकारात्मक बदलाव का प्रतीक भी है। माना जाता है कि जब ईसा मसीह पुनः जीवित हुए, तब उन लोगों को भी पश्चाताप हुआ, जिन्होंने उन्हें यातनाएं दी थी और सूली पर चढ़ाया था। ईसाई धर्म की मान्यता है कि 'ईस्टर' शब्द की उत्पत्ति 'ईस्त्र' नामक वसंत और उर्वरता की देवी से हुई है, जिसकी पूजा यूरोप की प्राचीन पौराणिक परंपराओं में की जाती थी। अप्रैल माह में होने वाले उस देवी के उत्सवों के कई तत्व आज भी यूरोप में मनाए जाने वाले ईस्टर उत्सवों में देखे जा सकते हैं।





# तिरंगा लगे जहाज ने होर्मुज जलडमरूमध्य किया पार, अब भी 17 भारतीय जहाज फंसे

## -भारत पहुंचने पर एलपीजी को लेकर चल रही किल्लत से मिलेगी राहत

नई दिल्ली,(ए)। मिडिल ईस्ट संकट के बीच शुक्रवार को सातवां भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर, ग्रीन सानवी, होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर गया। पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक छह एलपीजी ले जाने वाले जहाज होर्मुज स्ट्रेट पार करके भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच चुके हैं। अब सातवां टैंकर भी होर्मुज क्रॉस करके भारत की ओर बढ़ रहा है। इस जहाज पर करीब 44,000 मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी है। इसके आने से एलपीजी को लेकर चल रही किल्लत से राहत मिलेगी। होर्मुज के पश्चिम में अब भी 17 भारतीय जहाज फंसे हैं। इनमें दो एलपीजी से लदे जहाज ग्रीन आशा और जग विक्रम हैं।

विशेषज्ञों के मुताबिक एलपीजी से लदे ये दोनों जहाज ग्रीन आशा और जग विक्रम भी जल्द ही होर्मुज से निकलकर भारत की ओर रवाना हो सकते हैं। जानकारों ने बताया कि तीन एलपीजी ले जाने वाले भारतीय जहाज वर्तमान में फारस की खाड़ी स्थित अबू मूसा द्वीप के उत्तर-पूर्व में भटक रहे हैं। वे भारतीय नौसेना के निर्देशों का पालन करते हुए होर्मुज




जलडमरूमध्य से निकलने के आदेश की प्रतीक्षा में हैं।

इस बीच एक विदेशी जहाज, जो कथित तौर पर ईरान से भारत के लिए तेल ले जा रहा था, उसने अपनी यात्रा के दौरान ही अपना डेस्टिनेशन प्वाइंट अचानक बदल दिया। अब वह चीन की ओर बढ़ रहा है। वैश्विक विश्लेषण फर्म केप्लर के प्रमुख विश्लेषक ने कहा कि ईरानी कच्चे तेल के मामले में इस तरह की यात्रा के दौरान गंतव्य परिवर्तन कोई नई बात नहीं है। यह वित्तीय शर्तों और काउंटर पार्टी रिस्क के प्रति ट्रेड फ्लो की बढ़ती संवेदनशीलता को उजागर करता है। एक्सपर्ट ने कहा कि कच्चा तेल लेकर जा रहे शिप के अचानक चीन की ओर मुड़ने के बीच अहम वजह पेमेंट का माना जा रहा। इसमें पहले की 30-60 दिन की लोन अवधि से हटकर अग्रिम या निकट-अवधि के सेटलमेंट की ओर बढ़ रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर भुगतान संबंधी समस्याएं हल हो जाती हैं, तो माल अभी भी किसी भारतीय रिफाइनरी तक पहुंच सकता है। विश्लेषक ने आगे कहा कि यह इस बात को दर्शाता है कि चीन के अलावा अन्य देशों में ईरानी कच्चे तेल के प्रवाह को निर्धारित करने में वाणिज्यिक शर्तें रसद के समान ही अहम होती जा रही हैं। हालांकि, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि कच्चे तेल से लदे इस शिप का फाइनल डेस्टिनेशन यही रहने वाले है। ऐसा इसलिए क्योंकि अभी तो ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन ट्रांसपोंडर में दर्शाया गया है ये गंतव्य अंतिम है और यात्रा के दौरान इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि, इसमें आगे भी बदलाव हो सकते हैं। वहीं अगर ये टैंकर वास्तव में वडीनार पहुंच जाता, तो यह छह सालों में भारत को ईरान से कच्चे तेल की पहली खेप होती।

## सीबीएसई का बड़ा फैसला, 10वीं के छात्रों के लिए बदल गए गणित और विज्ञान के नियम

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ने एनालिटिकल लर्निंग को मजबूत करने के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। बोर्ड ने मैथमेटिक्स और साइंस के लिए अब दो-लेवल का नया स्ट्रक्चर पेश किया है। इसके तहत आगामी 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से सामान्य अनिवार्य परीक्षा के साथ-साथ एडवांस्ड और हाई-लेवल असेसमेंट की भी व्यवस्था की गई है। शिक्षा व्यवस्था में यह अहम कदम बोर्ड द्वारा कक्षा 9 से 12 के लिए जारी किए गए नए करिकुलम के तहत उठाया गया है, जिसका सीधा असर लाखों छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा के पैटर्न पर पड़ेगा।

क्या है नया एडवांस्ड पेपर का नियम और कितने नंबर का होगा एग्जाम

CBSE के इस बदले हुए फ्रेमवर्क के अनुसार, अब सभी छात्रों को एक कॉमन सिलेबस के तहत स्टैंडर्ड मैथ और साइंस पढ़ना होगा। इन दोनों विषयों का मुख्य पेपर 80 अंकों का होगा, जिसे हल करने के लिए 3 घंटे का समय दिया जाएगा। इसके अलावा, छात्रों के पास एडवांस्ड मैथ और एडवांस्ड साइंस का पेपर देने का एक शानदार विकल्प भी होगा। यह वैकल्पिक पेपर 25 अंकों का होगा और इसकी अवधि केवल 1 घंटे की होगी। यह एडवांस्ड स्तर का पेपर विशेष रूप से उन छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है, जो इन विषयों की बारीकियों को और अधिक गहराई से समझना और भविष्य में इसका लाभ लेना चाहते हैं।

मार्कशीट पर कैसे दिखेगा असर और इंटरनल असेसमेंट का क्या होगा

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एडवांस्ड परीक्षा में 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों की मार्कशीट में एक विशेष नोट दर्ज किया जाएगा, जो उनके एडवांस्ड स्तर को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रमाण होगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि ये अंक छात्रों के कुल एग्रीगेट स्कोर (मुख्य प्रतिशत) में नहीं जोड़े जाएंगे। अगर कोई छात्र इस क्वालिफाइंग सीमा को पूरा नहीं कर पाता है, तो उसकी मार्कशीट पर एडवांस्ड स्तर का कोई जिक्र नहीं किया जाएगा, जिससे उस पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह नया दो-स्तरीय ढांचा केवल थ्योरी परीक्षा पर लागू होगा और कक्षा 10 के 20 अंकों के इंटरनल असेसमेंट में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## मौत की नींद सुला गई एक झपकी, तेज रफ्तार कार नहर में समाई; मुंबई के 3 लोगों की दर्दनाक मौत

पंढरपुर ,,(आरएनएस)। महाराष्ट्र के पंढरपुर क्षेत्र से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। शनिवार तड़के मालशिरस तहसील में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे नीरा दाहिनी नहर में जा गिरी। इस भीषण सड़क हादसे में कार में सवार तीन लोगों की पानी में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कार चला रहे व्यक्ति को अचानक नींद की झपकी आ गई थी, जिसके कारण स्टीयरिंग से उसका नियंत्रण हट गया और यह खौफनाक हादसा हो गया। मरने वाले सभी लोग मुंबई के रहने वाले थे और इस घटना के बाद उनके परिवारों में कोहराम मच गया है।

**पलक झपकते ही नहर के गहरे पानी में डूब गई कार**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार मुंबई से मालशिरस की ओर जा रही थी। शनिवार तड़के जब कार मालशिरस तहसील क्षेत्र में पहुंची, तभी थकान के कारण चालक की आंख लग गई। नींद की वजह से कार का संतुलन पूरी तरह से बिगड़ गया और वह सड़क से फिसलते हुए सीधे नीरा दाहिनी नहर में समा गई। बताया जा रहा है कि नहर में पानी का स्तर और गहराई अधिक होने के कारण कार कुछ ही देर में पूरी तरह से पानी में डूब गई, जिससे कार के अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने या अपनी जान बचाने का कोई मौका ही नहीं मिल सका।

## अमृतसर पुलिस ने आईईडी और अन्य संदिग्ध सामग्री के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

अमृतसर,(आरएनएस) । पंजाब के अमृतसर देहाती पुलिस ने आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) और अन्य संदिग्ध सामग्री के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर पाकिस्तान से जुड़े तस्करों के संपर्क में था।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरमन सिंह पुत्र मेजर सिंह, निवासी गांव उमरपुरा, तहसील अजनाला के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फरवरी 2026 में पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के निर्देश पर आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्री प्राप्त की थी। पुलिस को शक है कि वह किसी बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था।यह कार्रवाई सीआईए टीम अमृतसर देहाती और थाना अजनाला पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए ऑपरेशन के दौरान की गई। खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की।पुलिस के अनुसार हरमन सिंह के पास से करीब 530 ग्राम आईईडी, एक पीटीडी स्विच, एक वोल्टेज बैटरी और एक बिना नंबर का मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इन बरामद वस्तुओं से साफ संकेत मिलता है कि आरोपी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में था।उन्होने बताया कि जांच एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है कि आरोपी पाकिस्तान में बैठे तस्करों और संदिग्ध तत्वों के लगातार संपर्क में था और उनके इशारों पर काम कर रहा था। यह मामला अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जिसे ध्यान में रखते हुए जांच को और गहराई से आगे बढ़ाया जा रहा है।फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही, इस नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की तलाश के लिए छापेमारी और जांच अभियान तेज कर दिया गया है।




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेरुम्बावूर निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए उम्मीदवार जिबी पाथिकाल और एनडीए नेता साबू एम. जैकब के साथ, केरल विधानसभा चुनावों से पहले केरल के पेरुम्बावूर में एक रोड शो में शामिल हुईं।

## अभिषेक बनर्जी का भाजपा पर तंज, संस्थाओं का दुरुपयोग और वोटों का ध्रुवीकरण ही इनका डबल इंजन


कोलकाता,(आरएनएस)। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने आगामी बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में भाजपा के 'डबल इंजन' के नारे पर सवाल उठाते हुए इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का असली 'डबल इंजन' दो अलग-अलग तरीकों से काम करता है। पहला इंजन लोकतांत्रिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर आधारित है। बनर्जी के मुताबिक, इसमें चुनाव आयोग का इस्तेमाल एक हथियार के रूप में किया जाता है, जिसके जरिए असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने, ईमानदार अधिकारियों के तबादले करने और प्रशासनिक ढांचे को कमजोर करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनावी सूचियों में हेरफेर करने के लिए बाहरी लोगों को अवैध रूप से शामिल किया जाता है।अभिषेक बनर्जी ने कहा कि भाजपा का दूसरा इंजन विभिन्न स्थानीय दलों और संगठनों को अपने हित में इस्तेमाल करने पर केंद्रित है। उन्होंने एआईएमआईएम, इंडियन सेक्युलर फ्रंट और आम जनता उन्नयन पार्टी का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इन संगठनों के माध्यम से सांप्रदायिक तनाव फैलाने, अशांति पैदा करने और वोटों के ध्रुवीकरण की कोशिश की जाती है।

## राजस्थान के 20 से ज्यादा जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट

जयपुर,(आरएनएस)। भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार को राजस्थान के 20 से अधिक जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। इसके पीछे सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस को वजह बताया जा रहा है, जिसका असर पूरे प्रदेश में देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को भी राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों में मौसम ने अचानक रौद्र रूप दिखाया। कई इलाकों में तेज बारिश, आंधी और ओलावृष्टि हुई। बीकानेर, श्री गंगानगर और जैसलमेर में ओले गिरे, जबकि अन्य क्षेत्रों में तेज बारिश दर्ज की गई। राजधानी जयपुर में शुक्रवार देर शाम आई तेज धूल भरी आंधी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। जवाहर नगर इलाके में 50 वर्षीय रामजीलाल माहवार नामक मोटरसाइकिल सवार के ऊपर बिजली का खंभा गिर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार, शनिवार को उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभागों के साथ-साथ शेखावाटी क्षेत्र में तेज हवाएं, भारी बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना है। हालांकि 5 और 6 अप्रैल को मौसम थोड़ा शांत हो सकता है, लेकिन 7 अप्रैल से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होने की उम्मीद है, जिससे फिर से आंधी और बारिश तेज हो सकती है।

जयपुर में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे शुरू हुआ तूफान देर रात तक जारी रहा। तेज हवाओं के साथ आई इस आंधी ने शहर में कई जगह नुकसान पहुंचाया और कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।



अचानक बदले इस मौसम का असर तापमान पर भी पड़ा है। कई जिलों में दिन के तापमान में करीब 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार को सबसे अधिक तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ और अलवर में रिकॉर्ड किया गया, जबकि अन्य जगहों पर तापमान में गिरावट देखी गई।

इस खराब मौसम का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि ने सरसों, गेहूं और चने जैसी रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। मंडियों में खुले में रखी फसल भी भीगने से खराब हो गई।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आमतौर पर मार्च के बाद वेस्टर्न डिस्टर्बेंस कमजोर हो जाते हैं, लेकिन इस साल 13 मार्च के बाद से लगातार छह सिस्टम सक्रिय हो चुके हैं, जो एक असामान्य स्थिति है और मौसम के पैटर्न को प्रभावित कर रही है।

## प्रदूषण पर सीएम रेखा गुप्ता एक्शन प्लान लॉन्च



नई दिल्ली (ए.)। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 शुरू किया है। सरकार का दावा है कि इस बार सिर्फ घोषणा नहीं होगी, बल्कि जमीन पर काम भी दिखेगा। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर अब सरकार ने बड़ा और सख्त कदम उठाया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एयर पॉल्यूशन मिटिगेशन एक्शन प्लान-2026 शुरू किया है। सरकार का दावा है कि इस बार सिर्फ घोषणा नहीं होगी, बल्कि जमीन पर काम भी दिखेगा। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में बड़ी बैठक की। इसमें कई मंत्री, अफसर, ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली मेट्रो के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की हवा साफ करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सबसे बड़ा फैसला वाहनों को लेकर हुआ है। अब नो पीयूसी-नो फ्यूल नियम सख्ती से लागू होगा। यानी जिस गाड़ी के पास प्रदूषण जांच का वैध कागज नहीं होगा, उसे पेट्रोल या डीजल नहीं मिलेगा।इसके लिए कैमरे और ऑनलाइन सिस्टम लगाए जाएंगे। सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि 1 नवंबर 2026 से दिल्ली में वही भारी वाहन आ सकेंगे जो बीएस-6, सीएनजी या इलेक्ट्रिक होंगे। पुराने और ज्यादा धुआं छोड़ने वाले ट्रक और मालवाहक वाहन दिल्ली की सीमा में नहीं घुस पाएंगे।

## मुख्यमंत्री धामी ने चेताया कहा- नया अतिक्रमण हुआ तो क्षेत्रीय अधिकारी पर एक्शन होगा

देहरादून,(ए)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर दोहराया है कि राज्य की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजधानी देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाना किसी विशेष वर्ग को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि यह देवभूमि की जनसांख्यिकी, सांस्कृतिक पहचान और प्राकृतिक सौंदर्य को सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया अनिवार्य कदम है। मुख्यमंत्री ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी क्षेत्र में नया अतिक्रमण पनपता हुआ पाया गया, तो इसके लिए संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को सीधे तौर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री धामी शुक्रवार को नगर निगम में चार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे।

## *दिल्ली में कुख्यात बदमाश 'गंजा' का एनकाउंटर, 75 से ज्यादा अपराधों में था वॉन्टेड*

*नई दिल्ली ,,(आरएनएस)। नई दिल्ली के बदरपुर इलाके में दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार देर रात पुलिस और एक बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी मोहम्मद सलीम उर्फ 'गंजा' घायल हो गया। गोली लगने के बाद उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नासिर और दानिश पहलवान गिरोह का सक्रिय सदस्य मोहम्मद सलीम किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से बदरपुर आने वाला है। सूचना के आधार पर STF ने इलाके में घेराबंदी कर जाल बिछाया। जैसे ही सलीम मौके पर पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन खुद को घिरता देख उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिससे वह मौके पर ही काबू में आ गया।मोहम्मद सलीम उर्फ 'गंजा' लंबे समय से दिल्ली पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। उसके खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, चोरी और सेंधमारी सहित 75 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 20 से ज्यादा गंभीर मामलों में फरार चल रहा था। सलीम का नाम चर्चित गैंगस्टर सलीम पहलवान की हत्या में भी सामने आया था और वह फिलहाल नासिर-दानिश पहलवान गिरोह के लिए काम कर रहा था।मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। अधिकारियों का कहना है कि सलीम की गिरफ्तारी से राजधानी में सक्रिय आपराधिक गिरोहों पर बड़ा असर पड़ेगा और अपराध पर लगाम लगाने में मदद*

# उल्टा लटकाया और 42 बार बरसाई छड़ियां, मदरसे में मासूम से दरिंदगी

सहारनपुर,(आरएनएस) । उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली एक बेहद खौफनाक घटना सामने आई है। यहां के एक मदरसे में पढ़ाई करने वाले एक मासूम बच्चे के साथ तालिबानी क्रूरता की गई है। इस हैवानियत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर किसी का भी दिल दहल जाए। वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि मदरसे के शिक्षक एक मासूम बच्चे के पैर पकड़कर उसे उल्टा लेटा देते हैं और फिर उस पर बेरहमी से छड़ियों की बारिश कर देते हैं।

इस रोंगटे खड़े कर देने वाले वीडियो में देखा जा सकता है कि मासूम बच्चे को एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 42 बार छड़ी से पीटा गया। दर्द से तड़पता हुआ यह बच्चा लगातार चीखता रहा और अपने शिक्षकों से रहम की गुहार लगाता रहा, लेकिन इन बेरहम लोगों का दिल जरा भी नहीं पसीजा। एक शिक्षक ने बच्चे के पैर मजबूती से पकड़ रखे थे, जबकि दूसरा उस पर अंधाधुंध छड़ियां बरसा रहा था। इस क्रूरता ने शिक्षा के नाम पर दी जाने वाली अमानवीय सजा की खौफनाक हकीकत को उजागर कर दिया है।



इस शर्मनाक घटना में क्रूरता की हदें तब और पार हो गईं जब वहां मौजूद एक तीसरे व्यक्ति ने बच्चे को बचाने के बजाय इस पूरी हैवानियत का मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। वीडियो में मासूम के साथ हो रही दरिंदगी न केवल कैद की गई, बल्कि इसे जानबूझकर रिकॉर्ड भी किया गया। इस वीडियो के सामने आने के बाद से ही लोगों में भारी आक्रोश है और सोशल मीडिया पर शिक्षण संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए सहारनपुर पुलिस ने तुरंत कड़ी कार्रवाई की है। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए सीओ नकुड़ अशोक सिसोदिया ने बताया कि यह सनसनीखेज घटना कस्बा गंगोह के मदरसा दारुल उलूम जकरिया की है। वीडियो के आधार पर थाना गंगोह में दोनों नामजद आरोपियों जुनैद और शोएब के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी शिक्षकों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है और मामले में आगे की सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



शिमला में बारिश के दौरान रिज पर पर्यटक और स्थानीय निवासी छतरियां लेकर चलते हुए ।

# टच बडी गाने पर बोलीं जोनिता गांधी, कलाकार के रूप में एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला

प्लेबैक सिंगर जोनिता गांधी पवन सिंह के साथ गाए गए नए गाने 'टच बडी' को लेकर उत्साहित हैं। डकैत अ लव स्टोरी के गाने के बारे में उन्होंने खुलकर बात की है। जोनिता का मानना है कि इस गाने के जरिए एक कलाकार के तौर पर एक नए पहलू को एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि यह गाना उनके लिए एक नया और रोमांचक अनुभव था, जिसने उन्हें खास तौर पर आकर्षित किया। जोनिता गांधी इस समय अपनी कलात्मक यात्रा के एक नए दौर में हैं। वे अब सिर्फ आवाज देने तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि स्क्रीन पर भी पूरी तरह छा जाना चाहती हैं। 'टच बडी' में उन्होंने न सिर्फ गाया है, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ डांस परफॉर्मेंस भी किया है। जोनिता ने कहा, यह मेरे लिए बिल्कुल नया अनुभव था। मुझे डांस करना बहुत पसंद है, इसलिए इस गाने की ओर मैं खिंची चली गई। मैंने इसे एक किरदार निभाने के रूप में अपनाया। यह मेरी अपनी असलियत का विस्तार नहीं था, बल्कि एक कलाकार के रूप में मुझे एक नया पहलू एक्सप्लोर करने का मौका मिला। उन्होंने आगे कहा, एक कलाकार के तौर पर मैं खुद के और भी कई पहलुओं को एक्सप्लोर कर रही हूं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। मैंने तो अभी बस शुरुआत की है। अपना प्यार और साथ बनाए रखिएगा।गाने में जोनिता एक स्टाइलिश, चंचल और आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका 'ग्रूव', एटीट्यूड और सहजता इस ट्रैक का मुख्य आकर्षण है। गाने का तेलुगु वर्जन भी रिलीज हो चुका है, जिसमें उनके साथ राम मिरियाला नजर आ रहे हैं। दोनों भाषाओं के कलाकारों के बीच शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। 'टच बडी' गाना फिल्म 'डकैत: अ लव स्टोरी' का गाना है।फिल्म में आदिवि शेष, अनुराग कश्यप और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। यह एक बाइलिंगुअल प्रोजेक्ट है, जिसे हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में शूट किया गया है। कहानी दो पुराने प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दोबारा मिलकर कई चोरियां करते हैं।इसमें क्राइम, एक्शन और रोमांस का रोचक मिश्रण है। फिल्म का निर्माण सुप्रिया यरलगाडा ने किया है। फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में



# एक्शन के मैदान में अहान पाडे की एंट्री, अली अब्बास जफर ने दिखवाया इटेंस फर्स्ट लुक

मोहित सूरी की फिल्म सैयारा से रातों-रात शोहरत हासिल करने वाले अहान पांडे फिर चर्चा में हैं। दरअसल, पिछले साल खबर आई थी कि उन्हें मशहूर निर्देशक अली अब्बास जफर ने अपनी अगली फिल्म में कास्ट कर लिया है। इस खबर के आने के बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट जानने को बेताब थे। अब निर्माताओं ने खुद सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा करते इस फिल्म से जुड़ी जानकारी दी है।


अली अब्बास ने सोशल मीडिया पर क्लैपरबोर्ड की तस्वीर साझा की है। इसके पीछे अहान की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, और यह शुरू हो गया है। निर्देशक ने पुष्टि कर दी है कि अहान अभिनीत एक्शन-थ्रिलर फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। इसका निर्माण आदित्य चोपड़ा के प्रोडक्शन यशराज फिल्म्स बैनर के तले किया जा रहा है। फिल्म में अहान के साथ, अभिनेत्री शरवरी मुख्य किरदार में नजर आएंगी।



निर्माताओं ने फिल्म से जुड़ी ज्यादा जानकारी अभी साझा नहीं की है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह रोमांस और एक्शन का बेहतरीन मिश्रण होगी। एक सूत्र ने बताया था कि अली अब्बास को टाइगर जिंदा है और सुल्तान जैसी मेगा एंटरटेनर फिल्मों के लिए जाना जाता है, इसलिए वह अहान अभिनीत फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

# कॉफी विद करण सीजन 9 के साथ लौटेंगे करण जौहर? शो पर आया ये अपडेट

करण जौहर ने अपने चर्चित टॉक शो कॉफी विद करण के जरिए कई साल तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। फिलहाल तो वह अमेजन प्राइम वीडियो के रियलिटी शो द ट्रेटर्स इंडिया 2 में व्यस्त हैं। हालिया अपडेट में पता चला है कि वह कॉफी विद करण के 9वें सीजन के साथ फिर से लौट सकते हैं, क्योंकि जियोहॉटस्टार के साथ उनकी बातचीत चल रही है। इस खबर ने करण और इस शो के फैंस को उत्साहित कर दिया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, जियोहॉटस्टार और करण के बीच, कॉफी विद करण 9 को लेकर शुरुआती बातचीत चल रही है। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो यह नया सीजन इस साल के आखिर तक स्ट्रीम हो जाएगा। प्लेटफॉर्म के सूत्रों के अनुसार, अधिकारी इस चैट शो को लेकर काफी उत्सुक हैं, क्योंकि इसने हमेशा से दर्शकों को अपने साथ बांधकर रखा है। सूत्र ने कहा, कॉफी विद करण के वीडियो] सोशल मीडिया पर बार-बार देखे जाने की संभावना रहती है।

शो के जरिए दर्शक एक बार फिर मनपसंद सितारों को करण के साथ हंसी-मजाक करते और रैपिड फायर राउंड खेलते देख सकेंगे। हालांकि इसे नए रूप में पेश किया जा सकता है। सूत्र ने कहा, करण जानते हैं कि दर्शक बदल गए हैं। इसलिए, वे एपिसोड को छोटा कर सकते हैं। मेहमानों की सूची में भी बदलाव होगा, जिसमें साउथ सितारे, ओटीटी कलाकार और क्रिएटर्स शामिल हो सकते हैं। बता दें, यह शो पहली बार 2004 में प्रसारित हुआ था।

# कुशा कपिला बोलीं- महिलाओं का ये हुनर आज भी हाशिए पर, दिया जूही चावला का उदाहरण

नेटफ्लिक्स की लोकप्रिय सीरीज मामला लीगल है 2 की अभिनेत्री कुशा कपिला ने हाल ही में कॉमेडी जगत में महिलाओं की स्थिति पर अपनी राय रखी है। कुशा ने अर्चना पूरन सिंह और जूही चावला जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों का उदाहरण देते हुए कहा कि कॉमेडी में महिलाओं को वो सम्मान और पहचान नहीं मिलती, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं। उन्होंने इस क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को कमतर आंकने पर अपनी चिंता जाहिर की है।

कुशा कपिला ने बताया कि कॉमेडी की दुनिया में महिलाओं को वो श्रेय नहीं मिलता, जिसकी वे हकदार हैं। उन्होंने कहा, आप अर्चना पूरन सिंह को ही देख लीजिए, किसी भी फिल्म में उनकी कॉमिक टाइमिंग बेहतरीन होती है या फिर इश्क फिल्म में जूही चावला, वो अकेले ही सारे सीन संभाल लेती हैं। उनकी कॉमिक टाइमिंग कमाल की थी, लेकिन जब बात कॉमेडी की आती है तो हम पुरुषों के नाम ज्यादा लेते हैं।


कुशा ने कहा, हाल ही में मैं मामला लीगल है की निधि (निधि बिष्ट) का जिक्र करना चाहूंगी। शो देखने के बाद मैंने उन्हें इंस्टाग्राम पर खोजने की कोशिश की। शो में एक सीन है, जहां वो गालियों के प्रकार के बारे में बात करती हैं, वो वाकई बेमिसाल है। मुझे फ्लीबैग जैसा शो भी बहुत पसंद है। इसके अलावा गर्ल्स है। सच तो ये है कि भारत में लड़कियों के हास्य को अभी उतना ज्यादा परखा नहीं गया है।

जब कुशा से पूछा गया कि एक कलाकार और एक दर्शक के तौर पर वो किस तरह की कॉमेडी देखना पसंद करती हैं? जवाब में कुशा ने कहा, मैं शेखर सुमन का मूवर्स एंड शेकर्स देखती थी, जहां वो बहुत सारी राजनीतिक टिप्पणी किया करते थे। फिर उन्होंने देख भाई देख नाम का शो किया, जो बहुत ही मजेदार था। मुझे खिचड़ी भी बहुत पसंद था और साराभाई वर्सेज साराभाई भी अपने समय से काफी आगे का शो था।

कुशा एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, कॉमेडियन और अभिनेत्री हैं। वो इंस्टाग्राम पर अपने मजाकिया वीडियो के लिए जानी जाती हैं। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए प्रसिद्ध कुशा ने कई कॉमेडी शो में अपनी प्रतिभा दिखाई है। कुशा का जन्म नई दिल्ली में हुआ था। अभिनय और क्रिएशन में आने से पहले उन्होंने एक फैशन एडिटर के रूप में काम किया था। उन्होंने वेब सीरीज (मामला लीगल है) और फिल्मों (घोस्ट स्टोरीज और थैंक यू फॉर कमिंग) में अभिनय किया है।



# धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस कलेक्शन डे 15: भारत में 1000 करोड़ से इतनी दूर, वर्ल्डवाइड 1500 करोड़ का आंकड़ा पार




रणवीर सिंह स्टारर धमाकेदार फिल्म धुरंधर 2 ने अपनी रिलीज के दो हफ्ते पूरे कर लिए हैं. फिल्म आज अपनी रिलीज के 16वें दिन में चल रही है. इन 15 दिनों में धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई की है. धुरंधर 2 भारत में 900 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस 1500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. फिल्म भारत के साथ-साथ ओवरसीज में भी खूब कमा रही है. चलिए जानते हैं. फिल्म धुरंधर 2 ने 15वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया. साथ ही जानेंगे कि रणवीर सिंह और आदित्य धर की जोड़ी की फिल्म धुरंधर 2 ने दो हफ्तों में वर्ल्डवाइड कितने करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.

धुरंधर 2 की कमाई में 15वें दिन 18.1 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई है. सैकनिल्क की मों तो फिल्म ने 15वें दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 17.80 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. इसमें हिंदी में 16.50 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 0.10 करोड़ रुपये, मलयालम में 0.05 करोड़ रुपये, तमिल में 0.30 करोड़ रुपये और तेलुगु में 0.85 करोड़ रुपये की कमाई की है. ऑक्यूपेंसी रेट की बात करें तो फिल्म का 15वें दिन हिंदी में ऑक्यूपेंसी रेट 18 फीसदी, कन्नड़ में 19 फीसदी, मलयालम में 18 फीसदी, तमिल में 19 फीसदी और तेलुगु में भी 19 फीसदी दर्ज हुआ है.धुरंधर 2 के मेकर्स ने फिल्म का दो हफ्तों का ऑफिशियल आंकड़ा जारी कर दिया है. फिल्म ने दो हफ्तों में भारत में 961 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है.

भारत में ग्रॉस कलेक्शन 1134 करोड़ रुपये, ओवरसीज में 367 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 1501 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. धुरंधर 2 भारत की चौथी सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है और बॉलीवुड की दूसरी. धुरंधर के रास्ते में दंगल, बाहुबली 2 और पुष्पा 2 के लाइफटाइम कलेक्शन का रिकॉर्ड खड़ा है, जिसे धुरंधर अपने तीसरे हफ्ते में तोड़ने की कोशिश करेगी.आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर 2 बीती 5 दिसंबर 2025 को रिलीज हुई का सीक्वल है. फिल्म में रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन, सारा अर्जुन और राकेश बेदी अहम रोल में नजर आ रहे हैं. धुरंधर ने 1300 करोड़ रुपये का लाइफटाइम कलेक्शन किया था और धुरंधर 2 अभी तक 1500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पर कर चुकी है.

## बाहर निकलना सिर्फ एक भ्रम है, कार्तिक सुब्बाराज ने जारी किया गेम प्ले का फर्स्ट पोस्टर

दक्षिण भारतीय सिनेमा में थ्रिलर और क्राइम-बेस्ड फिल्मों को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस बीच फिल्म गेम प्ले काफी सुर्खियों में है, जो अपने अलग विषय और दमदार स्टारकास्ट की वजह से पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। इस कड़ी में डायरेक्टर ने फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। मशहूर डायरेक्टर कार्तिक सुब्बाराज ने इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज किया।गेम प्ले एक फाइनेंशियल क्राइम थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अभिनेता किशोर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। पोस्टर रिलीज होते ही फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है। कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की टीम को शुभकामनाएं दीं और इस प्रोजेक्ट को खास बताया। फिल्म के पोस्टर ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है।पोस्टर पर दिलचस्प टैगलाइन, बाहर निकलना सिर्फ एक भ्रम है, दिया गया है। इसके अलावा, टूटे कांच भी दिखाए गए हैं, जिसमें किरदारों के अलग-अलग एक्सप्रेशन देखने को मिल रहे हैं, जो फिल्म के सस्पेंस और गंभीर माहौल की झलक देता है। इस फिल्म का निर्देशन सिवनेसन एस कर रहे हैं। यह बतौर डायरेक्टर उनकी पहली फिल्म है।

# गर्मियों के लिए बेहतरीन है बेल का शरबत, बनाते समय रखें इन 5 बातों का ध्यान



गर्मियों के दौरान ताजे फलों का जूस पीना सबसे अच्छा माना जाता है। ऐसे में बेल का शरबत एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को ठंडक देने में मदद करते हैं। हालांकि, कई लोग इसे बनाते समय गलती कर बैठते हैं, जिससे इसका स्वाद बिगड़ जाता है। बेल का शरबत बनाते समय इन 5 बातों का खास ध्यान रखें, ताकि इसका स्वाद अच्छा आए।

## सही बेल चुनें

बेल का चयन करते समय ध्यान रखें कि वह पका हुआ हो। पके हुए बेल का रंग हल्का हरा होता है और उसमें कोई दाग-धब्बे नहीं होते। इसके अलावा पके हुए बेल में खुशबू भी अच्छी आती है। अगर आप बेल को काटने के लिए चुनते हैं तो उसे हल्का दबाकर देखें, अगर वह आसानी से दब जाए तो समझ जाइए कि वह पका हुआ है। इस तरह का बेल शरबत बनाने के लिए सबसे अच्छा होता है।

## बेल को अच्छे से धोएं

बेल को काटने से पहले उसे अच्छे से धो लेना चाहिए, ताकि उस पर मौजूद किसी भी तरह के कीटाणु या मिट्टी दूर हो जाए। इसके लिए आप गुनगुने पानी का उपयोग कर सकते हैं या फिर हल्के साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि साबुन पूरी तरह से धो लें, ताकि उसका स्वाद शरबत में न आए। साफ बेल से शरबत का स्वाद बेहतर होगा और यह सेहत के लिए भी अच्छा रहेगा।

## गूदा निकालें

बेल का गूदा निकालने के लिए सबसे पहले बेल को बीच से काटें और उसके बीज निकाल दें। इसके बाद एक चम्मच की मदद से उसका गूदा निकाल लें। अगर आप चाहें तो इसे मिक्सर में पीसकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। ध्यान रखें कि गूदा बहुत मोटा न हो, ताकि शरबत स्मूद बने। इस तरह से निकाला हुआ गूदा शरबत को एक बेहतरीन स्वाद देगा और इसे पीने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## अन्य सामग्रियां मिलाएं

अब बारी आती है अन्य सामग्रियों की, जिन्हें आप अपने शरबत में मिला सकते हैं। इसके लिए आप चीनी या गुड़ के पाउडर का उपयोग कर सकते हैं, जो मिठास देंगे। इसके अलावा नींबू का रस भी डाल सकते हैं, जिससे शरबत में खट्टापन आएगा और उसका स्वाद बढ़ जाएगा। आप चाहें तो इसमें थोड़ा-सा काला नमक भी मिला सकते हैं, जो इसे एक खास स्वाद देगा। इन सभी सामग्रियों को मिलाकर आपका शरबत तैयार हो जाएगा।

## ठंडा करके परोसें

शरबत बनाने के बाद उसे कुछ देर ठंडा करने के लिए रख दें। ठंडा शरबत पीने में बहुत ही अच्छा लगता है और यह शरीर को तुरंत तरोताजा कर देता है। आप चाहें तो इसमें बर्फ के टुकड़े भी डाल सकते हैं, जो इसे और भी स्वादिष्ट बना देंगे। इस तरह से तैयार किया गया बेल का शरबत न केवल आपको स्वाद में भाएगा, बल्कि आपके शरीर को ठंडक भी देगा।

# हड्डियों को मजबूती प्रदान करने में सहायक हैं ये 5 टिप्स, जरूर आजमाएं

हड्डियां हमारे शरीर का आधार होती हैं और इनकी मजबूती हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ हड्डियों की मजबूती पर खास ध्यान देना चाहिए। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी सुझाव देंगे, जिनसे आप अपनी हड्डियों को प्राकृतिक तरीके से मजबूत बना सकते हैं। इन सुझावों को अपनाकर आप अपनी हड्डियों को स्वस्थ रख सकते हैं और कमजोर हड्डियों की समस्याओं से बच सकते हैं।

## कैल्शियम युक्त आहार अपनाएं



कैल्शियम हड्डियों की मजबूती के लिए सबसे जरूरी पोषक तत्व है। दूध, दही, पनीर, हरी पत्तेदार सब्जियां और बादाम जैसे खाद्य पदार्थों में कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। रोजाना इन खाद्य पदार्थों का सेवन करने से आपकी हड्डियों को जरूरी पोषण मिलता है। इसके अलावा सोया उत्पादों और संतरे के रस में भी कैल्शियम होता है, जो आपके आहार में शामिल किए जा सकते हैं।

## विटामिन-D के महत्व को समझें

विटामिन-डी हड्डियों के लिए एक जरूरी तत्व है क्योंकि यह शरीर में कैल्शियम को सोखने में मदद करता है। सूरज की रोशनी आपकी त्वचा पर सीधा असर करती है, जिससे आपका शरीर स्वाभाविक रूप से विटामिन-डी बनाता है। इसलिए रोजाना कम से कम 15 मिनट धूप में बैठना चाहिए। इसके अलावा दूध जैसे खाद्य पदार्थों में भी विटामिन-डी पाया जाता है, जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

## नियमित व्यायाम करें

नियमित व्यायाम न केवल आपके शरीर को फिट रखता है बल्कि आपकी हड्डियों को भी मजबूत बनाता है। वजन उठाने वाले व्यायाम जैसे कि स्क्वाट्स, लंजेस आदि हड्डियों पर दबाव डालकर उन्हें मजबूत बनाते हैं। इसके अलावा दौड़ना, साइकिल चलाना या तैराकी जैसी गतिविधियाँ भी फायदेमंद होती हैं। इनसे आपके शरीर में रक्त का बहाव बढ़ता है और हड्डियों को पर्याप्त ऑक्सीजन मिलती है, जिससे वे स्वस्थ रहती हैं।

## धूम्रपान और शराब से बचें

धूम्रपान और शराब का सेवन हड्डियों पर बुरा असर डालता है। धूम्रपान से शरीर में रक्त का बहाव रुकता है, जिससे हड्डियों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पाता। शराब का ज्यादा सेवन भी हड्डियों के विकास को प्रभावित करता है। इसलिए इन आदतों से दूरी बनाना जरूरी है ताकि आपकी हड्डियां स्वस्थ रहें। इसके अलावा तनाव से बचने के लिए ध्यान या योग का अभ्यास करें, जिससे आपकी मानसिक स्थिति बेहतर होगी और हड्डियों पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

## वजन नियंत्रित रखें

ज्यादा वजन होने पर हड्डियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे उनमें कमजोरी आ सकती है। सही वजन बनाए रखने के लिए संतुलित आहार और नियमित व्यायाम जरूरी हैं। इसके अलावा पर्याप्त नींद लेना भी अहम है क्योंकि नींद पूरी होने पर शरीर खुद को ठीक करता है और हड्डियां मजबूत होती हैं। इन सरल सुझावों को अपनाकर आप अपनी हड्डियों को प्राकृतिक तरीके से मजबूत बना सकते हैं और हड्डियों से जुड़ी समस्याओं से बच सकते हैं।

# आवाम के आगे झुकी शाहबाज सरकार, रातों-रात 80 रुपये सस्ता हुआ पेट्रोल, 30 दिन तक बस का सफर भी हुआ फ्री



इस्लामाबाद,( आरएनएस)। पाकिस्तान में आसमान छूती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ सड़कों पर उतरी आवाम के आगे आखिरकार शाहबाज शरीफ सरकार को झुकना पड़ा है। भारी विरोध प्रदर्शनों और पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारों के बाद पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल की कीमतों में 80 रुपये प्रति लीटर की भारी कटौती करने का ऐलान किया है। इस कटौती के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की नई कीमत 378 रुपये प्रति लीटर हो गई है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि यह राहत सरकार के पेट्रोलियम लेवी (टैक्स) में कटौती करके दी जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार ने यह फैसला पेट्रोल की कीमतों में 42.7 प्रतिशत का भारी इजाफा करते हुए इसे 485 रुपये प्रति लीटर करने के ठीक एक दिन बाद लिया है। पहले सरकार ने इस बढ़ोतरी का ठीकरा मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ती कीमतों पर फोड़ा था।

डीजल के मोर्चे पर जनता को नहीं मिली कोई राहत

टेलीविजन पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पेट्रोल की कीमतों में की गई यह कटौती कम से कम एक महीने तक लागू रहेगी। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, वह चैन से नहीं बैठेंगे। हालांकि, पेट्रोल पर राहत देने वाली सरकार ने डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है। हाल ही में 54.9 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बाद पाकिस्तान में डीजल अभी भी 520 रुपये प्रति लीटर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर बिक रहा है।भड़के लोगों को शांत करने के लिए 30 दिन फ्री बस सेवा का ऐलान

जनता के गुस्से को शांत करने के लिए पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नक्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने बताया कि शनिवार से इस्लामाबाद में सभी सार्वजनिक परिवहन (पब्लिक ट्रांसपोर्ट) अगले 30 दिनों के लिए आम जनता के लिए बिल्कुल मुफ्त कर दिए जाएंगे। सरकार के इस फैसले से सरकारी खजाने पर 350 मिलियन रुपये का अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसी तर्ज पर पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने भी राज्य द्वारा संचालित सार्वजनिक परिवहन का किराया माफ कर दिया है और ट्रकों तथा बसों के लिए सब्सिडी की घोषणा की है। उन्होंने परिवहन संचालकों से अपील की कि वे बढ़ी हुई लागत का बोझ यात्रियों पर न डालें। इसके अलावा सिंध प्रांत में भी मोटरसाइकिल चालकों और छोटे किसानों के लिए विशेष सब्सिडी का ऐलान किया गया है।पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध के कारण होर्मुज स्ट्रेट से होने वाली ऊर्जा सप्लाई बुरी तरह बाधित हुई है, जिसका असर पाकिस्तान पर साफ दिख रहा है। ईंधन संकट से निपटने और तेल बचाने के लिए पाकिस्तानी सरकार ने कई आपातकालीन उपायों की घोषणा की है। इसके तहत कई सरकारी कार्यालयों में काम के दिन घटाकर हफ्ते में सिर्फ चार दिन कर दिए गए हैं। स्कूलों की छुट्टियां बढ़ा दी गई हैं और कुछ कक्षाओं को ऑनलाइन माध्यम से चलाने का आदेश दिया गया है। ऊर्जा संकट का यह असर केवल पाकिस्तान ही नहीं बल्कि बांग्लादेश जैसे अन्य एशियाई देशों में भी देखने को मिल रहा है, जहां हाल ही में एलपीजी और सीएनजी की कीमतों में 29 प्रतिशत का इजाफा किया गया है।

## नेता बन रहे पाकिस्तान को ईरान ने दिखाई हैसियत

**मध्यस्थता ठुकराई; ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस का अगला चरण शुरू**

तेहरान( आरएनएस)। ईरान ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान की कोशिश को सिरे से खारिज कर दिया है। तेहरान ने साफ कर दिया है कि वह पाकिस्तान में संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं करेगा। साथ ही, ईरान ने अमेरिकी मांगों को अस्वीकार्य बताते हुए संकट के जल्द समाधान की संभावनाओं को भी कमजोर बताया है।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने खुद को एक संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की थी और दावा किया था कि वह ईरान और अमेरिका दोनों से संवाद स्थापित कर सकता है। हालांकि, ईरान और पाकिस्तान के बीच मौजूद गहरे अविश्वास के कारण तेहरान इस्लामाबाद को किसी भी बातचीत में भूमिका देने के पक्ष में नहीं है। इससे पाकिस्तान की कूटनीतिक पहल को बड़ा झटका लगा है। इस बीच, एक सीमित सकारात्मक संकेत भी सामने आया है। रिपोर्टों के मुताबिक, ईरान क्षेत्र के एक अन्य अहम खिलाड़ी कतर के जरिए संभावित मध्यस्थता पर विचार कर सकता है।

## बस कुछ समय और, हम आसानी से खोल सकते हैं होर्मुज स्ट्रेट; युद्ध के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा ऐलान

वॉशिंगटन/तेहरान( आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने रणनीतिक रूप से बेहद अहम Strait of Hormuz को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिससे पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि 'थोड़े और समय के बाद हम आसानी से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोल सकते हैं, तेल ले सकते हैं और अच्छी कमाई कर सकते हैं।' यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका-इजरायल और Iran के बीच जारी संघर्ष दूसरे महीने में प्रवेश कर चुका है। हालांकि ट्रंप प्रशासन लगातार यह दावा करता रहा है कि युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन जमीनी हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि Strait of Hormuz वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की रीढ़ है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी तरह की सैन्य या राजनीतिक हलचल का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पर पड़ सकता है। ट्रंप के बयान को कई विश्लेषक Iran पर दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देख रहे हैं।

## दुबई सरकार का बड़ा फैसला, अचानक बंद किया गया जेबेल अली में बना गुरुद्वारा; तत्काल प्रभाव से रोकी गई सभी धार्मिक सेवाएं

दुबई ( आरएनएस)। पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल के बीच छिड़े भीषण युद्ध का असर अब खाड़ी के अन्य देशों में भी देखने को मिल रहा है। बढ़ते सैन्य तनाव के बीच दुबई सरकार ने 3 अप्रैल को एक बड़ा कदम उठाते हुए जेबेल अली स्थित प्रतिष्ठित गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया है। गुरुद्वारा कमेटी के चेयरमैन सुरेंदर सिंह कंधारी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया है कि उन्हें दुबई पुलिस की तरफ से गुरुद्वारे को बंद करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि यह फैसला किसी भी प्रकार के धार्मिक भेदभाव के चलते नहीं लिया गया है, बल्कि मौजूदा युद्ध के हालातों में आम जनता की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए उठाया गया है।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच लगातार बिगड़ते हालातों और सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए दुबई की कम्युनिटी डेवलपमेंट अथॉरिटी (CDA) ने यह सख्त और अहम फैसला लिया है। अथॉरिटी की ओर से अगले आदेश तक इस ऐतिहासिक गुरुद्वारे को बंद रखने का आधिकारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। खाड़ी देशों में युद्ध के विस्तार की आशंकाओं के बीच प्रशासन किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहता है, जिसके चलते एहतियात के तौर पर यह कदम उठाया गया है।दुबई सरकार के आदेश के बाद गुरुद्वारा प्रबंधन ने एक आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है, जिसमें श्रद्धालुओं को तुरंत प्रभाव से सभी धार्मिक सेवाएं और दर्शन रोकने की सख्त सूचना दी गई है। प्रशासन की ओर से इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह का भी खुलासा किया गया है। प्रशासन का कहना है कि यह गुरुद्वारा जेबेल अली पोर्ट जैसे बेहद संवेदनशील और रणनीतिक ठिकाने के काफी करीब स्थित है। ऐसे में युद्ध के दौरान मिसाइल हमलों या मिसाइल इंटरसेप्शन (हवा में मिसाइल को नष्ट करना) की स्थिति में आसमान से गिरने वाले मलबे से जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। इसी खतरे को भांपते हुए इस समय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चांद के सफर पर निकले यात्रियों ने अंतरिक्ष से खींची पृथ्वी की हैरान करने वाली तस्वीरें, नजारा देख सब रह गए सन्न

वाशिंगटन (आरएनएस)। नासा के ऐतिहासिक चांद मिशन 'आर्टेमिस-2' पर निकले अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष से हमारी धरती की बेहद खूबसूरत तस्वीरें भेजी हैं। करीब 50 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जा रहे इस मिशन के दौरान जब यात्रियों ने पीछे मुड़कर देखा, तो वे अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके। नासा ने शुक्रवार को चालक दल की तरफ से भेजी गई पहली तस्वीरें जारी कीं। इन्हें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए नासा ने लिखा कि साल 1977 से लेकर अब तक बहुत कुछ बदल चुका है, लेकिन एक बात जो आज भी बिल्कुल वैसी ही है, वह यह है कि हमारी धरती अंतरिक्ष से आज भी उतनी ही चमकती हुई नजर आती है। पृथ्वी की इन मनमोहक तस्वीरों ने दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया है।

## खिड़की से दिखा अद्भुत नजारा, स्पेसक्राफ्ट में छा गई खामोशी

इस मिशन का नेतृत्व कर रहे कमांडर रीड वाइजमैन ने जो पहली तस्वीर खींची है, उसमें ओरियन कैप्सूल की खिड़की से पृथ्वी का एक मनमोहक घुमावदार हिस्सा नजर आ रहा है। वहीं, उनके द्वारा ली गई दूसरी



तस्वीर में पूरी पृथ्वी दिखाई दे रही है, जिसमें नीले महासागर, सफेद बादलों की लहरें और यहां तक कि हरे रंग की ऑरोरा (उत्तरी रोशनी) भी अंतरिक्ष से चमकती हुई दिख रही है। कमांडर वाइजमैन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि जब उन्होंने अपने कैप्सूल की खिड़की से पूरी पृथ्वी को एक साथ देखा, तो वह पल इतना अद्भुत था कि चारों अंतरिक्ष यात्री कुछ देर के लिए बिल्कुल चुप हो गए थे। उन्होंने इस अनुभव को अपनी जिंदगी के सबसे शानदार और भावुक कर देने वाले पलों में से एक बताया।

## 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंचा कैप्सूल, एक फ्रेम में दिखी पूरी मानवता

नासा की अधिकारी लाकीशा हॉकिन्स ने इन तस्वीरों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह सोचकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि इस एक तस्वीर में हमारे चार अंतरिक्ष यात्रियों को छोड़कर पूरी की पूरी मानवता समाई हुई है। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक मिशन पूरी तरह से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। फिलहाल यह टीम पृथ्वी से करीब 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंच चुकी है और तेजी से चांद की ओर बढ़ रही है। अभी इन यात्रियों को करीब 2.4 लाख किलोमीटर का सफर और तय करना है और अनुमान है कि वे सोमवार तक चांद की कक्षा के करीब पहुंच जाएंगे।

चांद पर नहीं उतरेंगे यात्री, परिक्रमा कर लेंगे सीधा यू-टर्न

आर्टेमिस-2 मिशन भविष्य की अंतरिक्ष उड़ानों के लिए कई मायनों में बेहद खास है। इस मिशन में तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं, जो अपने ओरियन कैप्सूल में सवार होकर चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे। हालांकि, इस मिशन में ये अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर कदम नहीं रखेंगे।

# खेल समाचार

## पिच पर सिक्का रख गेंदबाजी करता था ये खिलाड़ी, बिना रन दिए लगातार 131 गेंद फेंकने का रिकॉर्ड

नई दिल्ली ( आरएनएस)। क्रिकेट में उन खिलाड़ियों की अहमियत हमेशा से रही है जो अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के दम पर टीम के पक्ष में मैच पलटने की पूरी ताकत रखते हैं। बापू नाडकर्णी एक ऐसे ही खिलाड़ी रहे जिन्होंने टेस्ट फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए गेंद और बल्ले से उस दौर में टीम इंडिया के लिए शानदार प्रदर्शन किया जब भारतीय क्रिकेट टीम एक युवा टीम मानी जाती थी।



बापू नाडकर्णी का जन्म 4 अप्रैल 1933 को नासिक में हुआ था। उनका पूरा नाम रमेशचंद्र गंगाराम 'बापू' नाडकर्णी था। नाडकर्णी को क्रिकेट बचपन से पसंद था। वह मूल रूप से एक गेंदबाज थे, लेकिन कड़ी मेहनत की बदौलत अपनी बल्लेबाजी से भी उन्होंने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में छाप छोड़ी। कहा जाता है कि जब वह नेट्स में अभ्यास करते थे तो पिच पर एक सिक्का रखते थे, और हर बॉल पर सिक्के को मारने की कोशिश करते थे।

बापू नाडकर्णी ने दिसंबर ( 16 से 21 दिसंबर) 1955 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच दिल्ली में खेला था। न्यूजीलैंड के खिलाफ ही ऑकलैंड में (7 से 12 मार्च तक) 1968 में अपना आखिरी टेस्ट खेला था। 13 साल के करियर में बाएं हाथ से बल्लेबाजी और स्पिन गेंदबाजी करने वाले नाडकर्णी ने भारत के लिए 41 टेस्ट खेले। 67 पारियों में 1 शतक और 7 अर्धशतक की मदद से 1,414 रन और 88 विकेट उनके नाम दर्ज हैं। नाडकर्णी ने 12 जनवरी 1964 को मद्रास में इंग्लैंड के खिलाफ बिना कोई रन दिए लगातार 21.5 ओवर (131 गेंदें) फेंके थे, जो एक रिकॉर्ड है। मुंबई और महाराष्ट्र के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले नाडकर्णी ने 191 प्रथम श्रेणी मैचों में 14 शतक और 46 अर्धशतक की मदद से 8,880 रन बनाने के अलावा 500 विकेट भी लिए थे। 17 जनवरी 2020 को नाडकर्णी का निधन पुणे, महाराष्ट्र में हो गया था। नाडकर्णी महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के मेंटर रहे थे।गावस्कर ने उनके निधन के बाद कहा था कि उनका पसंदीदा शब्द 'छोड़ो मत' था। इसका अर्थ था कि आप भारत के लिए खेल रहे हैं। हिम्मत रखिए और आगे बढ़िए।

## आईपीएल 2026 : एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका पर भड़के ललित मोदी, बीसीसीआई से की ये मांग

नई दिल्ली ( आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व कमिश्नर ललित मोदी एक बार फिर चर्चा में हैं। ललित मोदी ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका के खिलाफ विवादित टिप्पणी की है और बीसीसीआई से टीम को बैन करने की मांग की है।ललित मोदी ने एक्स पर लिखा, मैंने आपसे कहा था कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका पूरी तरह से लूजर और सबसे बड़ा जोकर है। मैं उसके बर्ताव से सच में शर्मिंदा हूं। मैंने आईपीएल को फैंस और खिलाड़ियों दोनों के लिए बनाया था, न कि हर बार, हर साल ऐसा होने के लिए।उन्होंने लिखा, अगर मैं अभी भी चेयरमैन और कमिश्नर होता, तो मैं उसे तुरंत बैन कर देता और टीम की ओनरशिप हमेशा के लिए छीन लेता। वह पूरी तरह से घमंडी जोकर है। इसी मुद्दे के लिए फ्रेंचाइजी अनुबंध में एक क्लॉज है। बीसीसीआई इसे लागू करे—ईमानदारी सबसे ऊपर रहे। सत्ता में बैठे लोगों की चापलूसी करना उसे बचने का तरीका नहीं है। फैंस और खिलाड़ी दोनों इसे याद रखेंगे। दरअसल, एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच 1 अप्रैल को इकाना स्टेडियम में हुए मैच में एलएसजी को हार का सामना करना पड़ा था।

# दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 6 विकेट से हराया, रिजवी ने 51 गेंदों में 90 रन बनाए



नई दिल्ली (ए.)। आईपीएल के मौजूदा सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मुंबई इंडियंस को उनके घरेलू मैदान के बाद अब अपने घर में भी पटखनी दे दी है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 162 रनों का स्कोर बनाया था, जिसे दिल्ली ने 18.2 ओवरों में ही 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

दिल्ली की जीत के सबसे बड़े नायक समीर रिजवी रहे। रिजवी ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मुंबई के गेंदबाजों को संभलने का मौका नहीं दिया। रिजवी ने मात्र 51 गेंदों में 90 रन बनाए, जिसमें 7 छक्के और 7 चौके शामिल थे। उन्होंने डेविड मिलर के साथ मिलकर 5वें विकेट के लिए 78 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की।

यह रिजवी का इस आईपीएल सीजन का तीसरा और लगातार दूसरा अर्धशतक है।

इससे पहले नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या के पूरी तरह फिट न होने के कारण आज मुंबई इंडियंस की कमान सूर्यकुमार यादव ने संभाली। सूर्यकुमार ने कप्तानी पारी खेलते हुए 51 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 35 और नमन धीर ने 28 रनों का योगदान दिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही मुंबई पर दबाव बनाए रखा। मुकेश कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट झटके। उनके अलावा अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, विपराज निगम और टी नटराजन ने 1-1 विकेट लेकर मुंबई को बड़े स्कोर तक पहुँचने से रोका।

# नीलामी में गेंदबाजों को मिस करना पड़ा भारी, फ्लेमिंग

नई दिल्ली (ए.)। चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लगातार दूसरी हार के बाद टीम की रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ 210 रन जैसा बड़ा स्कोर खड़ा करने के बावजूद चेन्नई इसे बचा नहीं सकी। इस हार के बाद टीम के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने माना कि नीलामी के दौरान कुछ अहम गेंदबाजों को टीम में शामिल न कर पाना अब भारी पड़ रहा है।फ्लेमिंग ने कहा कि टीम मैनेजमेंट ने ऑक्शन के दौरान कई गेंदबाजों पर गंभीरता से विचार किया था, लेकिन परिस्थितियों के चलते वे उन्हें खरीद नहीं सके। उन्होंने स्वीकार किया कि जिन खिलाड़ियों को उस समय नजरअंदाज किया गया, वे अब शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके मुताबिक, टीम ने हर विकल्प पर चर्चा की थी, लेकिन अंत में कुछ खिलाड़ियों को मिस कर दिया गया।चेन्नई की हार ने एक बार फिर गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों को उजागर किया है। पंजाब के खिलाफ मैच में बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 209 रन बनाए, लेकिन गेंदबाज विपक्षी टीम पर दबाव बनाने में नाकाम रहे। इस कारण बड़ा स्कोर भी टीम के काम नहीं आ सका। टी20 क्रिकेट के बदलते स्वरूप पर बात करते हुए फ्लेमिंग ने कहा कि अब पारंपरिक फिनिशर की भूमिका पहले जैसी नहीं रही।



## 12 लाख से 21 करोड़ तक का सफर, आईपीएल में विराट कोहली बने सबसे महंगे सितारों में शामिल

नई दिल्ली (ए.)। विराट कोहली का नाम आईपीएल के सबसे सफल और भरोसेमंद खिलाड़ियों में शुमार किया जाता है। खास बात यह है कि कोहली उन गिने-चुने खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने 2008 में लीग की शुरुआत से लेकर अब तक अपनी फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु का साथ नहीं छोड़ा। उनका यह सफर न केवल प्रदर्शन के लिहाज से, बल्कि कमाई के मामले में भी बेहद शानदार रहा है। साल 2008 में जब कोहली को अंडर-19 टीम से स्काउट कर आरसीबी में शामिल किया गया था, तब उनकी सैलरी महज 12 लाख रुपये थी। शुरुआती तीन सीजन तक वह इसी रकम पर टीम के लिए खेलते रहे। हालांकि, उनकी प्रतिभा और निरंतर प्रदर्शन को देखते हुए फ्रेंचाइजी को जल्द ही यह एहसास हो गया कि वह लंबे समय तक टीम की रीढ़ बन सकते हैं।यही वजह रही कि 2013 में उन्हें टीम की कमान सौंपी गई और उन्होंने 2021 तक कप्तानी करते हुए आरसीबी को नई पहचान दिलाई। इस दौरान उनकी सैलरी में भी लगातार इजाफा होता गया। अगर उनके पहले सीजन की सैलरी की तुलना मौजूदा कमाई से की जाए, तो यह करीब 175 गुना तक बढ़ चुकी है। आईपीएल 2026 में विराट कोहली की सैलरी 21 करोड़ रुपये है, जो उन्हें लीग के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों में शामिल करती है। वह न सिर्फ टीम के प्रमुख बल्लेबाज हैं, बल्कि ब्रांड वैल्यू के लिहाज से भी आरसीबी के सबसे बड़े चेहरे बने हुए हैं। क्रिकेट के अलावा भी कोहली की पहचान एक बड़े ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुकी है। विज्ञापनों, ब्रांड एंडोर्समेंट और बिजनेस निवेश के जरिए उनकी कमाई लगातार बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी कुल संपत्ति 1100 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जाती है, जो उन्हें दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटरों में शामिल करती है। विराट कोहली का यह सफर दर्शाता है कि प्रतिभा, मेहनत और निरंतरता के दम पर एक खिलाड़ी किस तरह नई ऊंचाइयों को छू सकता है और खेल के साथ-साथ आर्थिक सफलता भी हासिल कर सकता है।



## आईपीएल 2026: सीएसके की गेंदबाजी पर गावस्कर की चिंता, बोले- 230 रन भी नहीं होंगे सुरक्षित

नई दिल्ली (ए.)। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स की मौजूदा हालत पर चिंता जताते हुए कहा है कि टीम की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी बनती जा रही है। आईपीएल 2026 में शुरुआती दोनों मुकाबले हारने के बाद सीएसके दबाव में है, जिसमें पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार भी शामिल है।

गावस्कर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए साफ है कि सीएसके को अपनी गेंदबाजी पर तुरंत काम करना होगा। उनके मुताबिक, मौजूदा टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी इतनी मजबूत हो चुकी है कि सिर्फ 200 या 210 रन बनाना काफी नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएसके को मैच जीतने के लिए लगातार 225 से 230 रन के बड़े स्कोर बनाने पड़ सकते हैं, तभी गेंदबाजों को थोड़ा सहारा मिलेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि आज की टीमों में बल्लेबाजी की गहराई काफी बढ़ गई है। पंजाब किंग्स जैसी टीम में सातवें नंबर पर मार्कस स्टोइनिस जैसे विस्फोटक बल्लेबाज मौजूद हैं, जिससे लक्ष्य का बचाव करना और भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सीएसके को अपनी गेंदबाजी इकाई को मजबूत करना ही होगा।

इस बीच, युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे की गावस्कर ने जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि म्हात्रे के लिए बल्लेबाजी क्रम में तीसरा स्थान सबसे उपयुक्त नजर आता है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले मैच में पहली ही गेंद पर आउट होने के बावजूद युवा खिलाड़ी ने आत्मविश्वास नहीं खोया और शानदार वापसी की। गावस्कर के अनुसार, नई पीढ़ी के खिलाड़ियों की यही खासियत है कि वे अतीत को पीछे छोड़कर वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करते हैं। गावस्कर ने रोहित शर्मा की फिटनेस में आए बदलाव की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि रोहित ने अपनी शारीरिक स्थिति पर कड़ी मेहनत की है, जिसका असर उनके खेल में साफ दिखाई दे रहा है। उनका फुटवर्क पहले से तेज हुआ है और ऊर्जा भी ज्यादा नजर आ रही है, जिससे वे क्रीज पर ज्यादा समय बिता पा रहे हैं।



वहीं, भारत के एक अन्य अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने पंजाब के युवा खिलाड़ी प्रियांश आर्य की विस्फोटक पारी की सराहना की। पुजारा ने कहा कि प्रियांश गेंद की लेंथ को बहुत जल्दी समझ लेते हैं और खासकर शॉर्ट गेंदों पर आक्रामक शॉट खेलने में माहिर हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि ऐसे बल्लेबाजों के सामने गेंदबाजों के लिए गलती की गुंजाइश बेहद कम रह जाती है। कुल मिलाकर, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर चेन्नई सुपर किंग्स को टूर्नामेंट में वापसी करनी है, तो उसे अपनी गेंदबाजी में जल्द सुधार करना होगा, वरना आगे की राह और मुश्किल हो सकती है।

ललिता आश्रम में मनाई भवानी दादा और माखन दादा की जयंती

# माखन दादा जितने प्रखर पत्रकार थे उतने ही प्रखर राष्ट्रभक्त थे-प्रमोद शर्मा

## पत्रकार कवि बलराम शर्मा और माखन नगर की साहित्यकार कीर्ति वर्मा को किया सम्मानित







नर्मदापुरम (निप्र)। शिवसंकल्प साहित्य परिषद के द्वारा नर्मदांचल के प्रसिद्ध साहित्यकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रकवि द्वय भवानी प्रसाद मिश्र व माखन लाल चतुर्वेदी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। वरिष्ठ साहित्यकार पं गिरिमोहन गुरू के संयोजन वरिष्ठ साहित्कार जगदीश वाजपेयी, दोहाकार मनोज दुबे के मुख्यातिथ्य व ललित निबंधकार नर्मदा प्रसाद सिसोदिया की अध्यक्षता में पंचवटी परिसर के पास ललिता आश्रम में संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर साहित्यकार वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा ने माखन लाल चतुर्वेदी और भवानी प्रसाद मिश्र के साहित्य, पत्रकारिता व राष्ट्रहित के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माखन दादा जितने प्रखर पत्रकार थे उतने ही प्रखर राष्ट्र भक्त थे। उन्होंने राष्ट्रहित से समझौते नहीं किए। माखन दादा पुष्प की अभिलाषा तक ही सीमित नहीं थे। उनकी कविता के अर्थ व्यापक हैं। भवानी दादा ने चार कौए के माध्यम से करारा व्यंग्य लिखा है। इस मौके पर संगोष्ठी में नर्मदांचल के अनेक कवियों साहित्यकारों ने माखन दादा और भवानी दादा के जीवन परिचय पर अपने विचार प्रस्तुत किए काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं का काव्य पाठ किया।

### बलराम शर्मा को भवानी प्रसाद मिश्र सम्मान कीर्ति वर्मा को माखन लाल चतुर्वेदी सम्मान

शिव संकल्प साहित्य परिषद द्वारा वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा को साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक सामाजिक सेवा के लिए पं भवानी प्रसाद मिश्र स्मृति सम्मान सम्मानोपाधि, और माखन नगर निवासी श्रीमती कीर्ति प्रदीप वर्मा को पं माखन लाल चतुर्वेदी स्मृति सम्मान सम्मानोपाधी से अलंकृत किया गया। काव्य गोष्ठी के क्रम में पं गिरिमोहन गुरू ने छंद और गजल से भाव विभोर कर दिया। वहीं बलराम शर्मा, ने भवानी दादा और माखन दादा पर काव्य पाठ किया। कीर्ति वर्मा ने 15 वर्ष पूर्व माखनदादा पर लिखी कविता का काव्यपाठ किया। साथ ही ब्रज मोहन दुबे, सुभाष यादव, प्रदीप दुबे, बाबूलाल कदम, रामसेवक शर्मा, मनोज परसाई, मनोज दुबे, संजय मिश्रा ने भी अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हिरनखेड़ा निवासी समाजसेवी रामकुमार गौर सहित अनेक लोग मौजूद रहे। काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुए गजेंद्र गुरूदास ने कहा कि साहित्य ऐसा होना चाहिए जिसमें सबका हित हो। आभार प्रदर्शन पं गिरि मोहन गुरू ने व्यक्त किया।

## बदला बदला है मौसम का मिजाज तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश



नर्मदापुरम। इटारसी(निप्र)। तीन दिन से गर्मी का असर तेज होता गया है। गत दिवस दोपहर तक तेज धूप बनी रही। उसके बाद आसमान में बादलों की आमद हो गई। दोपहर बाद से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है शाम के समय घने बादल छा गए रात में हल्की बारिश हुई। इसी प्रकार इटारसी क्षेत्र में भी तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। उत्तरी क्षेत्र की ओर से पश्चिमी विक्षोभ के साथ ही ऊपरी हवाओं का चक्रवात बना है। इसके साथ ही कर्नाटक से विदर्भ की ओर ट्रफ लाइन भी बन रही है। जिससे मौसम में बदलाव हो रहा है।

## राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के महामंत्री बने दीनू यादव



नर्मदापुरम। इटारसी (निप्र)। राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निहोरे प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान संस्थापक पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल डॉ अजीज कुरैशी एवं अन्य सम्मानित वर्किंग कमेटी की अनुशंसा से राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच जिला अध्यक्ष अरविंद व्यास ने जिले में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए। पूर्व पार्षद जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी के दीनदयाल दीनू यादव को राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच की जिला कार्यकारिणी में महामंत्री का दायित्व सौंपा है। उन्हें इटारसी के कान्हा शर्मा, उदित व्यास, मनोज शर्मा, करण शर्मा, सुषमा सराठे काजल,सोलंकी कंचन सोलंकी, राहुल मीणा, मोहर सिंह राजपूत, किशोर यादव ने बधाई दी है।

## जिला स्तरीय पुस्तक मेले का शनिवार को हुआ समापन

### अंतिम दिन मेले में बच्चों तथा अभिभावकों की उमडी भारी भीड

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला प्रशासन की ओर से शास एस एन जी उमावि नर्मदापुरम में 2, 3 एवं 4 अप्रैल को जिला स्तरीय पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में जिले के विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के द्वारा शैक्षणिक सामग्री स्टेशनरी, पुस्तके, स्कूल यूनिफार्म आदि सामग्री को



रियायती दरों पर क्रय किया गया।शनिवार को पुस्तक मेले के समापन अवसर पर सांसद राज्यसभा श्रीमती माया नारोलिया उपस्थित हुई और उन्होंने पुस्तक मेले में उपस्थित हुए बच्चों तथा अभिभावकों से मुलाकात की तथा मेले का फीडबैक लिया। अभिभावकों तथा बच्चों के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार के पुस्तक मेले अवश्य आयोजित होने चाहिए। पुस्तक मेले में सभी पुस्तक तथा स्टेशनरी विक्रेताओं द्वारा लगभग 50 प्रतिशत तक की रियायती दर पर सामग्री को विक्रय किया गया। समापन अवसर पर श्रीमती माया नारोलिया ने अपने संबोधन में बताया कि यह मध्यप्रदेश शासन की अनूठी पहल है इस मेले से दुकानदारों में प्रतिस्पर्धा रही, जिसका फायदा बच्चों के पालकों को हुआ। सांसद के द्वारा अपने संबोधन मे जिला प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग की मेला आयोजित करने में पहल की तारीफ की और इनके द्वारा अभिभावकों की मांग पर सुझाव दिया की आगामी वर्ष में यह मेला कम से कम 5 दिवसीय आयोजित होना चाहिए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी एल एन प्रजापति के द्वारा पालन करने का आश्वासन दिया। मेले के व्यवस्थित रूप से आयोजन हेतु मार्गदर्शक के रूप में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर ब्रिजेन्द्र रावत, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के बंधुओं के अथक प्रयास से मेले का सफल संचालन हुआ।

## गर्मी में पानी की जरूरत,धीमी गति कम चल रहे नल

### जल प्रदाय व्यवस्था पर कम ध्यान दे रही नपा



नर्मदापुरम (निप्र)। बैशाख माह में गर्मी का असर तेज होने लगा है। गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की जरूरत और ज्यादा होने लगती है। लेकिन नपा की जल प्रदाय शाखा के द्वारा पेयजल आपूर्ति पर पूरा ध्यान नहीं दिए जाने से लोगों को कम पानी मिल रहा है। जिससे दिक्कतें होने लगी है। नपा के कर्मचारी चुनाव में लगे हुए हैं। पानी तो सबको चाहिए। नपा की पेयजल शाखा के पानी की सप्लाई करने के समय को ध्यान नहीं रख रही है। नल आने का समय भी कभी एक घंटा लेट तो कभी समय पर पानी दिया जा रहा है। वह भी कम समय नल चलने से लोगों को पूरा पानी नहीं मिल पा रहा है। जिससे पानी की समस्या खड़ी हो जाती है। अभी तो गर्मी का मौसम शुरू ही हुआ है। अनेक क्षेत्रों में सुबह के समय की जल सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। इसी तरह शहर में अनके स्थानों पर जल प्रदाय में होने वाली परेशानी कम नहीं हो रही है। खासकर पाइप लाइन के लीकेज की समस्या बनी हुई है। लोग कहने लगे हैं कि अभी तो गर्मी शुरू हुई है। अब कूलर चलने पर अधिक मांग बड़ने से काफी दिक्कतें होगी। नपा के द्वारा अमृत योजना लागू कर दी उसके बाद भी लोगों के घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता है। नपा के द्वारा स्थायी उपाय नहीं किया जा रहा है।

### समस्या जान पहले ही खुदवा लिए जेट पंप

पानी की समस्या से तंग आकर अनेक लोगों का नपा से भरोसा खत्म हो लगा था। इसी कारण कुछ समय पूर्व ही लोगों को यह एहसास होने लगा था कि गर्मी में दिक्कतें होंगी इसी कारण अनेक लोगों ने खुद के पैसे से दो माह पूर्व ही जेट पंप खुदवा लिए हैं। तीन लोगों ने कोठीबाजार में जेट पंप खुदवाए हैं क्योंकि बीते अनेक महिनों से पानी की किल्लत बनी हुई थी। नपा के अधिकारियों कर्मचारियों से बोल बोल कर थक चुके हैं। लेकिन नपा से होने वाले जल प्रदाय की इतनी कम गति होती है कि आधे घंटे तक नल चलने पर पीने का पानी भी नहीं भर पाता है। जिससे लोगों को पीने के पानी की परेशानी होती है। अभी भी अनेक लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

### बहुत खर्च के बाद भी दिक्कतें

कोठीबाजार के संतोष कुमार ने कहा कि नपा के द्वारा बीते 10 वर्ष में जल प्रदाय व्यवस्था पर कॉफी खर्च किया है। अनेक योजनाएं आती जा रही हैं। जैसे जलावर्धन योजना में करीब 23 करोड़ खर्च हुए। उसके बाद अमृत योजना में पूरे शहर की सड़कों को खोदकर नए पाइप डाले गए फिर भी पानी की किल्लत कम नहीं हो रही है।

### नरवाई जलाने पर 12 व्यक्तियों के विरुद्ध FIR, 62,500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की गई प्रस्तावित

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में नरवाई (पराली) जलाने पर पूर्णत: प्रतिबंध के बावजूद ग्राम ठूठा-दहलवाडा, तहसील पिपरिया में नरवाई जलाने के मामले पर तथा प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 12 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने एवं 62,500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही प्रक्रिया प्रस्तावित की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम ठूठा-दहलवाडा में 02 अप्रैल 2026 को नरवाई में आग लगने की सूचना ग्राम कोटवार एवं ग्रामीणों के माध्यम से प्राप्त हुई। इसके पश्चात हल्का पटवारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, कृषि विकास अधिकारी एवं ग्राम कोटवार की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई।

## जनगणना 2027: 'स्व-गणना' सुविधा से सुलभ होगी नागरिकों के लिए जनगणना की प्रक्रिया

नर्मदापुरम (निप्र)। जनगणना के इतिहास में पहली बार डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते सेल्फ एन्यूमेरेशन की व्यवस्था भी दी जा रही है। स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमेरेशन- एसई) की विधि के माध्यम से सामान्य परिवार के उत्तरदाता को एक सुरक्षित वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा से विशेष रूप से सेवा कामकाजी और व्यस्त परिवारों को साहयता मिल सकेगी जो सुबह से अपने काम पर निकल जाते हैं। इससे यह सेवा कार्यों को सुगम बनाती है तथा आँकड़ों की सटीकता भी सुनिश्चित करता है। स्व-गणना (SE) के बावजूद प्रगणक का क्षेत्रीय दौरा अनिवार्य रहेगा। प्रगणक द्वारा भी SE डेटा का सत्यापन अनिवार्य है।16 अप्रैल से se.census.gov.in पोर्टल पर नागरिकों को ओटीपी और मोबाइल नंबर लॉगिन से सुरक्षित और सरल पहुंच मिलेगी जिससे वो अपने आप ही समस्त जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध इंटरफेस पर दर्ज कर सकेंगे। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक की अवधि में जानकारी दर्ज करने के उपरांत उसे सबमिट करने पर आपके मोबाइल नंबर पर एक सेल्फ एन्यूमेरेशन (SE) आईडी प्राप्त होगी जिसे 1 मई के उपरांत घर पहुंच सर्वे के लिए आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा जिसके पश्चात सेल्फ एन्यूमेरेशन की जानकारी को प्रगणक द्वारा पुष्टि कर उसे फ्रीज़ किया जाएगा।

## स्कूल चलें अभियान के तहत माध्यमिक शाला बांद्राभान में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आयोजित



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर स्कूल चलें अभियान के अंतर्गत समीपस्थ ग्राम बांद्राभान स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कोषालय अधिकारी नितेश उईके द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा 1 से 4 अप्रैल 2026 तक स्कूल चलें हम अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना तथा उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसी क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात नितेश उईके ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने एवं उत्कृष्ट अध्ययन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्री उईके द्वारा विद्यार्थियों को उपहार भी वितरित किए गए तथा सभी से मन लगाकर पढ़ाई करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। कार्यक्रम में जन शिक्षक श्रीमती ज्योति सूर्यवंशी, आर.एस. प्रजापति, पंकज डाले, शिक्षिका श्रीमती सीमा गौर सहित विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# म्यूजिक जोन नर्मदापुरम ने मनाया सौहार्द दिवस समारोह

## प्यार बांटते चलो थीम पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर की प्रतिष्ठित संगीत संस्था म्यूजिक जोन द्वारा सौहार्द दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। अल्प समय में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाली इस संस्था ने संगीत के माध्यम से कलाकारों को मंच प्रदान करने के साथ.साथ समाज में प्रेम सम्मान और भाईचारे का संदेश देने का सराहनीय कार्य किया है। यह कार्यक्रम प्यार बांटते चलो थीम पर आयोजित किया गया, जिसे संस्था के संरक्षक पंडित गिरिजा शंकर शर्मा को समर्पित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ म्यूजिक जोन के प्रेरणास्रोत एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक पंडित गिरिजा शंकर शर्मा, संस्था के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी राकेश फौजदार, म्यूजिक जोन के अध्यक्ष असीम विश्वास तथा सीपी भार्गव द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जोन के वरिष्ठ सदस्य पंडित राम परसारई द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।इसके बाद पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा एवं समाजसेवी राकेश फौजदार का स्वागत जोन के सभी सदस्यों के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में जोन के नन्हें कलाकर अनय गौर एवं गंगाराम सोनिया के द्वारा जब हम जबा होंगे जाने कहां होंगे गीता गया गया। इसके बाद दिनेश श्रीवास्तव के द्वारा चल अकेला चल अकेला गीत, अभिलाष दुबे के द्वारा मुझे इश्क है तुझी से, संयम बिल्लोरे के द्वारा कभी यादों में आओ, इसके बाद सभी के द्वारा सामूहिग गीत




प्यार बांटते चलो गाकर सभी अतिथियों का स्वागत पुन: किया गया एवं गीत गायन का सिलसिला पुन: शुरू किया गया जिसमें सौम्या एवं सुनील मिश्रा के द्वारा न कजरे की धार न मोतियों के हार, प्रतीक द्विवेदी के द्वारा मैं कभी भुलाता नहीं मेरी मां, सईद कुरैशी के द्वारा सुहानी चांदनी रातें एवं दीवानों से ये मत पूछो, इमरान मिर्जा के द्वारा दिल का भंवर करे पुकार, भाग्यश्री के द्वारा फेरो न मुझसे नजरिया, मुकेश गडवाल के द्वारा मैं शायर तो नहीं मगर ऐ हंसी, बिनीत राव के द्वारा आज मौसम बडा बेईमान है, वैभव शुक्ला एवं प्रतीक द्विवेदी के द्वारा जिंदा रहने के लिये तेरी कमस एक मुलाकात जरूरी है सनम, असीम विश्वास के द्वारा धीरे धीरे सुबहा हुई जाग उठी जिंदगी, मनोज चौधरी के द्वारा जोशे जबानी हाये हाये निकले जिधर से, गिरिजा शंकर शर्मा एवं सौम्या कौशिक के द्वारा तुझसे नाराज नहीं जिंदगी हैरान हूं मैं, राजेश सिंह के द्वारा सम्हाला है मैंने बहुत अपने दिल को, अजय दुबे के द्वारा गोरी तेरा गांव बडा प्यारा मैं तो गया मारा, राकेश फौजदार, गिरिजा शंकर शर्मा एवं भाग्यश्री के द्वारा छुपा लो यूं दिल में प्यार मेरा, केसी पी भार्गव के द्वारा तुम मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये, सौम्या के द्वारा तुम आये तो आया मुझे याद गली में आज चांद निकला, मुन्नू दुबे के द्वारा तेरी आंखों के सिवा दुनिया में रखा क्या है वैभव शर्मा के द्वारा तुम अगर साथ देने का वादा करो, मोनू फौजदार के द्वारा मेरी सांसों में बसा है तरा एक नाम गीत गया गया। कार्यक्रम में करावके के सांथ सांथ लाईव कार्यक्रम भी किया गया जिसमें आदित्य परसाई, गोपाला अग्रवाल, रामसेवक शर्मा, आनंद नामदेव, विपुल दुबे निकुंज सैनी, यश मालवीय, प्रसंग तोमर, एवं सझम पाठक के द्वारा ओंठों से छूलो तुम मेरा गीत अमर कर दो गजल गाई गई।

जलसा रिसोर्ट में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में डॉ दिनेश श्रीवास्तव के द्वारा पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा के लिये अभिनंदन पत्र का वाचन किया गया एवं जोन के सभी सदस्यों के द्वारा अभिनंदन पत्र श्री शर्मा को दिया गया। कार्यक्रम में महेन्द्र चौकसे, अभय वर्मा अनिल सक्सेना रोहित गौर गोविंद राय आमीन राईनएराजेश पटैरिया प्रमोद सोनी लोकेश तिवारी मनोज चौकसे गोवर्धन यादव गोपाल चौकसे अशोक दुबे शिवम द्विवेदी अशोक द्विवेदी राजेश पटेरिया नवनीत कोहली सत्यम अदालिया, संयम जैन, मुकेश जैन, अंकित साहू, पीयूष गुप्ता राजेश बरैरिया आयुष चौकसे शैलेन्द्र चौकसे शामिल रहे। साथ ही म्यूजिक जोन के अमित पगारे अनूप गौर एवं रामकुमार गौर सहित भारी संख्या में कलाकर एवं इनके परिवार के लोग शामिल रहे। शामिल रहे कार्यक्रम का संचालन सचिव सईद कुरैशी एवं आभार जोन के संचालक असीम विश्वास के द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com